

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 191

ग्वालियर, मंगलवार, 31 अगस्त, 2021

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.



## वन-टू-वन

### शिवसेना सांसद भावना गवली से जुड़े 5 परिसरों पर ईडी की छापेमारी

**मुंबई (ए)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित धनशोधन मामले में जांच के तहत महाराष्ट्र में शिवसेना सांसद भावना गवली से जुड़े 5 परिसरों पर सोमवार को छापेमारी की।इसकी जानकारी अधिकारियों ने दी। उन्होंने बताया कि यवतमाल- वाशिम से लोकसभा सांसद से जुड़े कम से कम सात परिसरों पर धनशोधन रोकथाम अधिनियम के प्रावधानों के तहत छापेमारी की गई।समझा जाता है कि ईडी का मामला महाराष्ट्र पुलिस की प्राथमिकी पर आधारित है, जिसमें कथित तौर पर 18 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी एवं अन्य अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं। अधिकारियों ने कहा कि वाशिम, मुंबई एवं कुछ अन्य स्थानों पर छापेमारी की जा रही है।

### औवेसी का हमला, पीएम मोदी ने तालिबान को लेकर कुछ भी नहीं कहा

**हैदराबाद (ए)।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल-मुसलमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि चीन के साथ मोदी सरकार का व्यापार बढ़ा है, जबकि अन्य देशों के साथ इसमें कमी आई है। आवैसी ने कहा कि मोदी के प्रवक्ताओं ने चीन के आर्थिक बहिष्कार की मांगकर कई भारतीयों को 'चीनी एजेंट% कहा, लेकिन वास्तविकता कुछ और है कि चीन के साथ मोदी सरकार का व्यापार बढ़ा है जबकि अन्य देशों के साथ इसमें कमी आई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी चीन का नाम लेने से भी डरते हैं, जबकि चीन ने भारतीय क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है। ओवैसी ने कहा,अफगानिस्तान पर मोदी के प्रवक्ता अपने विरोधियों से 'अफगानिस्तान जाओ कहते है और सभी को 'तालिबानी कहते हैं, लेकिन मोदी अकेले हैं, जो अफगानिस्तान गए और तीन अरब डॉलर भी खर्च किए हैं। उन्होंने कहा कि मोदी ने तालिबान को आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध नहीं किया है और उन्होंने अभी भी 'तालिबान के बारे में एक शब्द नहीं कहा है।

### इंडस्ट्रीज संचालक से 1 करोड़ 50 लाख 48 हजार की धोखाधड़ी

**बिलासपुर (ए)।** माइनिंग इंडस्ट्रीज के संचालक के साथ 1 करोड़ 50 लाख 48 हजार की धोखाधड़ी की खबर है। मामला सीपत थाना क्षेत्र का है। बिलासपुर निवासी जेपी अग्रवाल, माईनिंग इंडिस्ट्रीज के डायरेक्टर हैं। उनके द्वारा परफेक्ट प्रिंटर ग्राफ इंजिनियर एलएलपी पालघर महाराष्ट्र से मशीन खरीदी गई थी। इस सौदे के अनुबंध पत्र में उलेखित शर्तो के अनुसार 1 करोड़ 50 लाख, 48 हजार रूपये का भुगतान करने के बावजूद मशीन के छः माह तक संतोषजनक संचालन न होने एवं मशीन में शुरू से ही तकनीकी खामी के वजह से उनके उद्योग में उत्पादन सुचारू रूप से शुरू नहीं हो पाया। जिसके चलते क्रय अनुबंध के अनुसार रकम वापस करने व मशीन वापसी की मांग की गई। लेकिन आरोपी पक्ष द्वारा इस पर कोई ध्यान नही दिया जा रहा था। तब इससे परेशान होकर पीड़ित पक्ष के द्वारा पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। इसके आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के तहत अपराध दर्ज किया है।

### 2 बाइक में जबरदस्त भिडंत,, देर रात हुई घटना

**बिलासपुर (ए)।** कल हिर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत बिलासपुर रायपुर नेशनल हाईवे में दोपहर में हुए भीषड़ सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक महिला की मौत हो गई थी, साथ ही कार सवार 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। वही कल देर रात जिला पंचायत के पास 2 बाइक में जबरदस्त भिडंत हो गई जिसमें एक बाइक सवार को सर में गंभीर चोट आई थी, हादसे के बाद राहगीरों ने डायल 112 को कॉल कर घटना की सूचना दी, जिसके बाद घायल को सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा के दांपत्य में दरार!

**मुंबई (ए)।** बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के रिश्तों में खटास की खबरे इंडस्ट्री में गर्म है। दरअसल, 19 जुलाई को पोर्नोग्राफी केस में गिरफ्तार कर लिए गए। उन पर अश्लील फिल्में बनाने और उन्हें ऐप पर अपलोड करने का संगीन आरोप लगा हुआ है। इस केस के चलते शिल्पा शेट्टी भी कानूनी कार्रवाई के घेरे में आई और उनके परिवार की काफी आलोचना हुई। अब खबर है कि शिल्पा अपने पति राज कुंद्रा से अलग रहने की प्लानिंग कर रही हैं। बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के मुताबिक राज कुंद्रा के कानूनी पचड़े ने शिल्पा के लिए भी परेशानी खड़ी कर दी है। शिल्पा की एक दोस्त ने एक्ट्रेस के घर में चल रहे निजी फैसलों पर कुछ बड़े खुलासे किए हैं। शिल्पा की दोस्त ने कहा- उसे (शिल्पा को) कोई अंदाजा नहीं था कि ये हीरे और डुप्लेक्स बेईमानी के रास्ते आ रहे हैं। आगे उनकी दोस्त ने ये भी कहा कि शिल्पा राज के दिए सामान को छूना भी नहीं चाहती अब। एक्ट्रेस की फ्रेंड ने कहा कि शिल्पा आत्मनिर्भर है और अपना और अपने बच्चों का ख्याल रख सकती है।

## दतिया में अल्प संख्यक की हत्या का मामला, गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा बोले

# हमारे हाथ कानून से बंधे हैं, वरना ऐसे लोगों की दुनिया में कोई जगह नहीं होना चाहिए

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में हाल ही में हुई घटनाओं को लेकर सियायत तेज हो गई है। नीमच में आदिवासी की हत्या के मामले में कांग्रेस ने सरकार को घेरा, वहीं दतिया में कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष के बेटे द्वारा एक अल्प संख्यक की हत्या के आरोप लगने के बाद बीजेपी हमलावर हो गई है। इस घटना को लेकर गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि हमारे हाथ कानून से बंधे हैं, वरना ऐसे लोगों की दुनिया में कोई जगह नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा- दतिया में कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष के बेटे ने अल्प संख्यक को कुचल-कुचल कर मार डाला। क्या कमलनाथ इस घटना पर कमेटी बनाएंगे? गृह मंत्री ने कहा कि कांग्रेस कुत्सित राजनीति करती है। हम सभी घटनाओं की निंदा करते हैं, चाहे वह नीमच में हुई या फिर दतिया में। जो इस तरह की घटना को अंजाम देते हैं, वे विकृत मानसिकता के लोग हैं। ऐसी घटनाओं की जितनी भर्त्सना की जाए, कम है। लेकिन कांग्रेस इस पर भी रोटी सेकती है। वह भी मुंह देख कर।



बता दें कि दतिया में राजनीतिक रंजिश के चलते शुक्रवार की रात को शहजाद खान के साथ मारपीट करने के बाद उसे गोली मार दी। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में युवक की मौत हो गई। इस मामले में कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष नाहर सिंह यादव के बेटे पुत्र व पूर्व पार्षद हर्ष यादव सहित सात अन्य लोगों पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। बताया जाता है कि शहर के वार्ड क्रमांक 8 में भाजपा व कांग्रेस नेताओं के बीच रंजिश चल रही थी। पूर्व में राशन वितरण के मामले को लेकर भी कांग्रेस जिलाध्यक्ष नाहर सिंह सिंह यादव के साथ मारपीट भी गई की गई थी। मृतक राशन की दुकान संचालित करता था।

### दतिया की घटना पर चुप क्यों कांग्रेस?

इससे पहले बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने दतिया की घटना को लेकर कांग्रेस को आड़े हाथ लिया था। उन्होने कहा कि दतिया की घटना पर कांग्रेस चुप क्यों हैं? उन्होंने सवाल उठाया कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और दिग्विजय सिंह ट्वीट क्यों नहीं कर रहे हैं? दरअसल, दतिया में कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष नाहर सिंह का बेटा हर्ष सिंह अल्पसंख्यक समुदाय के एक व्यक्ति के पैर में गोली मारता है और फिर घसीटकर उसे मारता है।

## प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था की जिम्मेदार कांग्रेस: विश्वास कैलाश सारंग

**भोपाल।** चिकित्सा शिक्षा व भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने मध्य प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था का जिम्मेदार कांग्रेस को बताया है। मंत्री सारंग ने कहा कि, हमने हर तरह की ऐसी घटनाओं के खिलाफ कारवाई की है। पर प्रश्न यह उठता है कि इस तरह की घटनाओं की जानकारी सबसे पहले कांग्रेस को कैसे मिल जाती है। कांग्रेस के ही सोशल मीडिया अकाउंट से इस तरह की घटनाओं के वीडियो वायरल क्यों होते हैं? उनका डर्टी ट्रिक्स डिपार्टमेंट इस पर बढ़-चढ़कर काम क्यों करता है? मंत्री सारंग ने सवाल उठाते हुए कहा कि क्या यह फैब्रिकेटेड है? क्या इसकी सीरीज चलाई जा रही है? मंत्री सारंग ने कहा कि बहुसंख्यक हिंदु समाज को बदनाम करने की साजिश जो सालों से



चल रही है क्या यह उसी की एक कड़ी है? सरकार को बदनाम करना और मध्य प्रदेश की आबोहवा को बिगाड़ने का कांग्रेस का षड्यंत्र यह भी एक जांच का विषय है। मंत्री सारंग ने कहा कि यदि इस तरह की घटनाएं हो रही हैं तो सरकार सख्ती के साथ करवाई कर रही है। पर संदेह तब पैदा होता है जब इस तरह की घटनाएं कांग्रेस के सोशल मीडिया से आगे आती है। उज्जैन में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगते हैं और 3 दिन बाद दिग्विजय सिंह एक वीडियो वायरल करते हैं जिसमें कहते हैं कि काजी साहब जिंदाबाद के नारे लगाए गए थे।

### कमलनाथ सरकार ने स्थितियों को खराब किया था

मंत्री सारंग ने कहा कि, हमारी सरकार ने हर व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त किया है। हमने यह सुनिश्चित किया है कि सभी व्यवस्थाओं को हम सुचारू करें। 15 महीने की कमलनाथ सरकार ने बहुत ही स्थितियों को खराब किया, खासकर बिजली कंपनियों में जिस तरह कि उन्होंने कुव्यवस्था स्थापित की उसका परिणाम हमें देखने को मिल रहा है।

## शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के 40 लाख गरीब पीएम आवास योजना से लाभान्वित हुए : सीएम योगी



**लखनऊ (ए)।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि हमारा प्रयास है कि प्रधानमंत्री की मंशा के तहत 2022 तक हर जरूरतमंद गरीब को एक आवास उपलब्ध कराया जाए जो इस पात्रता की श्रेणी में आता है। सीएम ने जन्माष्टमी की बधाई देते हुए सोमवार को सूबे की जनता से कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों के दौरान राज्य सरकार ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में लगभग 40 लाख गरीबों को आवास उपलब्ध कराएं हैं। सोमवार को पांच कालिदास मार्ग स्थित अपने सरकारी आवास पर योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत दो लाख 853 लाभार्थियों के खाते में 1341.17 करोड़ रुपए का ऑनलाइन हस्तांतरण करने के बाद इस संबंध में आयोजित समारोह में कहा,

मुख्यमंत्री ने कहा, '2017 के पहले प्रधानमंत्री आवास योजना में उत्तर प्रदेश का कोई स्थान नहीं था, क्योंकि तत्कालीन राज्य सरकार की रुचि नहीं थी कि भारत सरकार की योजना का लाभ प्रदेश के गरीबों को दे सके, लेकिन 2017 के बाद नगरीय या ग्रामीण क्षेत्र दोनों में भारत सरकार की हर योजना का लाभ पहुंचाने के जो प्रयास हुए, उसमें उत्तर प्रदेश ने देश में सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया है।' योगी ने कहा, पहले चेक या नकद वितरण में भ्रष्टाचार होता था और एक प्रधानमंत्री ने तो यहां तक कहा था कि गरीबों को भेजे जाने वाले 100 रुपए में 85 रुपए बेईमानी से बीच के लोग हड़प जाते थे, लेकिन आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसी व्यवस्था की है कि 100 रुपए स्वीकृत हैं, तो पूरा का पूरा पैसा गरीब के खाते में जाता है। कोरोना त्रासदी में गरीबों के लिए चलाई गई योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए योगी ने कहा, 'प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में भी उत्तर प्रदेश ने पहला स्थान प्राप्त किया है। लॉकडाउन के दौरान पटरी व्यवसायियों को काफी दिक्कत हुई, उनकी पूंजी समाप्त हो गई लेकिन प्रधानमंत्री मोदी जी ने आत्मनिर्भर भारत पैकेज की घोषणा की और स्वनिधि योजना के माध्यम से पटरी कारोबारियों को आत्मनिर्भर बनाने की पहल की।' उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत उत्तर प्रदेश में साढ़े सात लाख से ज्यादा लाभार्थियों को कर्ज उपलबॅध कराया गया।


## मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का एलान

**भोपाल।** सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कुशाभाऊ ठाकरे के नाम से मध्य प्रदेश में प्रशिक्षण संस्थान खुलेगा। बिना विवाद की जमीन को चिन्हित कर इसे बनाया जाएगा, जहां कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। सीएम शिवराज ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में कुशाभाऊ ठाकरे के जन्मशताब्दी वर्ष के शुभारंभ कार्यक्रम में उनके चरणों में प्रणाम किया। उन्होंने कहा कि उनके त्याग, तपस्या और पुनीत विचार सदैव हम सबका राष्ट्र एवं समाज सेवा के लिए मार्गदर्शन करते रहेंगे। भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष कुशाभाऊ ठाकरे की सोमवार को जयंती थी। प्रदेश भाजपा



संगठन उनके जन्मशताब्दी वर्ष को संगठन पर्व के रूप में मना रहा है। स्व. ठाकरे के जन्मदिन पर पूरे प्रदेश में आदरांजलि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ सुबह राजधानी भोपाल में स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय में सुंदरकांड पाठ के साथ हुआ। भोपाल सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर और प्रदेशाध्यक्ष वीडी शर्मा, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर समेत पार्टी के अनेक बड़े नेता व कार्यकर्ता सुबह कार्यालय में एकत्रित हुए और कुशाभाऊ ठाकरे के चित्र पर माल्यार्पण कर सुंदरकांड का पाठ शुरू किया। प्रत्येक मंडल एवं बूथ केंद्रों पर भी कुशाभाऊ ठाकरे को पुष्पांजलि अर्पित जा रही है। इस अवसर पर कुशाभाऊ ठाकरे के जीवन पर आधारित चित्र प्रदर्शनी एवं वर्ष भर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के लिए प्रतीक चिह्न (लोगो) का भी लोकार्पण किया गया।



# जन्माष्टमी विशेषः बुआ फूफा के मंदिर पर होती है श्रीकृष्ण की विशेष पूजा अपनी ससुराल छोडकर वापस नही गए श्रीकृष्ण जमाता बनकर रह गए थे यहां



शिवपुरी।

जन्माष्टमी के दिन भगवान श्रीकृष्ण ने मनुष्य के रूप में धरती पर अवतार लिया था। वैसे तो श्रीकृष्ण ओर राधे के हजारो मंदिर भारत देश के साथ विदेश में भी हैं,लेकिन जिले के पोहरी तहसील के किले में स्थित मुरली मनोहर मंदिर को क्षेत्र में बुआ ओर फूफा के मंदिर के नाम से जाना जाता हैं। वैसे तो भगवान श्रीकृष्ण के सैकडो नाम हैं लेकिन शायद बुआ और फूफा के नाम से पहचाना जाना वाला मंदिर भारत में यह इकलौता हो सकता हैं। पोहरी के पास के गांव के रहने वाले श्रीकृष्ण की बारात पोहरी के किले में अंदर की निवासी राधा रानी से शादी करने जब भगवान की बारात आई तो भगवान श्रीकृष्ण को अपनी ससुराल इतनी पंसद आई कि वह हमेशा के लिए यहा रूक गए। जब से यह पोहरी के बुआ और फूफा हो गए। बडी ही रोचक कथा हैं भगवान गोविंद की। वैसे तो द्धापर में भगवान श्रीमाधव ने मनुष्य रूप में धरती पर अवतार लिया था अनेको लीलाए उन्होने की आपने शास्त्रो पुराणो में पडी होगी,लेकिन कहते हैं कि भगवान माधव कलयुग में भी अपने चमत्कार दिखाते हैं। ओर यह मंदिर जो बुआ फुफा के नाम से जाना जाता हैं यह भी एक भगवान की एक अदभुत और चमत्कारिक लीला है।

पोहरी के किले के अंदर स्थित मुरली मनोहर मंदिर में विराजमान राधेकृष्ण की प्रतिमाओ के मिलन की एक अदभुत और चमत्कारी कथा हैं। बताया जाता हैं कि विक्रम संवत 1589 में पोहरी के किले के निर्माण के समय खुदाई के दौरान राधा मैया की प्रतिमा निकली थी। जिसे तात्कालिक राजा ने धूमधाम से एक मंदिर में स्थापना करा कर विराजित करवा दिया। पोहरी से करीब 50 किलोमीटर दूर गल्थूनी गांव में वहां के तत्कालीन जागीरदार जसवंत सिंह ने कृष्ण भगवान का मंदिर बनाने का संकल्प लिया था और कृष्ण भगवान की प्रतिमा के लिए जागीरदार और उनके साथ 5 लोग जयपुर पहुंचे। यह प्रतिमा वही है जो पोहरी के किले के अंदर मुरलीमनौहर मंदिर में श्रीकुष्ण की हैं। श्रीकृष्ण की मुर्ति लेने पहुंचे इन ग्रामीणो की एक श्रीकृष्ण की प्रतिमा बेहद पंसद आई। उस मुर्ति को देखकर सभी ग्रामीण उस मोहित हो गए लेकिन उनकी जो न्योछावर मांगी गई थी वो 500 चांदोली थी जागीरदार और सभी लोगों को मिलाकर इन पर 300 चंदौली हो पाई, तब सभी लोगों के काफी विमर्श के बाद निर्णय लिया की प्रतिमा तो हम यही ले जाएंगे। रात के अंधेरे में 300 चांदी के सिक्के रखकर,एक पत्र जिसमें लिखा हुआ था कि गांव पहुंचकर आपके बाकी की जो 200 न्योछावर है भिजवा दी जाएगी।रातों-रात भगवान की प्रतिमा को लेकर सभी पांच लोग गल्थूनी गांव के लिए निकल आए। गांव पहुचकर सबसे पहले 200 चंदोली के साथ एक व्यक्ति जयपुर भेजा गया। गांव में भगवान का छोटा सा मंदिर बनवा दिया गया था, लेकिन गांव में खुशहाली के लिए मंदिर का संकल्प लिया गया था, उसके उल्टा ही गांव में माहौल बनने लगा। जो लोग कुंवारे थे उनका विवाह नहीं हो रहा था, गांव के जागीरदार को इस विषय में चिंता सताने लगी कि मैंने गांव की खुशहाली के लिए भगवान का मंदिर बनवाने का संकल्प लिया पर सब कुछ उल्टा हो गया। एक दिन भगवान श्री कृष्ण ने जागीरदार को सपना दिया कि गांव में जब तक खुशहाली नहीं आ सकती तब तक मेरी जोड़ी पूरी नहीं होगी, अर्थात कभी भी कृष्ण अपनी राधे के बिना अधूरे हैं। इधर पोहरी में राधा मैया की अकेली प्रतिमा थी और उधर गल्थूनी गांव में भगवान श्री कृष्ण की एकल प्रतिमा। इस प्रकार पोहरी की राधा के लिए भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा की खोज हो रही थी और गल्थूनी के माधाव के लिए राधा की खोज हो रही थी। 1 दिन संयोगवश यह खोज पूरी हुई। तब गांव के जागीरदार एवं पोहरी के राजा ने भगवान श्री कृष्ण और राधा मैया का विवाह कराने का निर्णय लिया।ग्राम गल्थूनी से माधव को सजाकर दूल्हा बनाकर बारात पोहरी पहुंची। पोहरी के राजा और उनकी प्रजा ने अपने जमाई के स्वागत के लिए पलक पावडे बिछा दिए। ग्राम गल्थूनी से आई माधव और उनकी बारात का स्वागत सत्कार बडे ही जोरो से किया गया। शादी की तैयारियां शुरू की गई पूरे रस्मे संपन्न हुई। दूल्हा बने माधव को पान खिलाया गया। राधेमाई की गोद भराई की रस्म की गई। पोहरी में माधव की बारात को पूरे 8 दिन रोका गया। बताया गया हैं कि जहां आज पोहरी के किले में जो मुरली मनौहर का मंदिर हैं उस स्थान पर दूल्हा बने माधव को विवाह उपरांत विश्राम कराया था वहां भगवान श्रीकृष्ण और राधे माई का डोला रखा गया था।जब सुबह पोहरी की जनता ने अपनी राधेरानी की बारात की बिदा करने की तैयारी की ओर प्रभु श्रीमाधव और उनकी प्रेयसी राधे सरकार का डोला उठाया गया वापस माधव के ग्राम गल्थूनी चलने के लिए तो वह डोला अपनी जगह से हिला ही नही। पूरी कोशिशो के बाद भी जब भगवान का डोला नही हिता तो पोहरी और ग्राम गल्थूनी के लोगो को चिंता होने लगी।क्या गलती हो गई क्या कारण हैं यह। लेकिन माधव तो लीलाधर हैं उन्होने अपनी लीला दिखा दी। रात में लोगो को स्वपन दिया कि में वापस लौटकर नही जाउंगा। मै तो यही रहुंगा। भगवान से सभी भक्तों ने भला बुरा कहा कि ससुराल में घर जमाई बनकर रहोगे क्या? और पता नहीं क्या-क्या बोला? पर भगवान का डोला अपनी स्थिति से नहीं हिला। अतः सभी लोगों ने हार का निर्णय लिया तथा बरात खाली हाथ वापस चली गई। पोहरी में ही श्रीमुरली मनोहर सरकार का मंदिर बना। इस कारण ही इस मुरली मनौहर मंदिर को बुआ और फूफा का मंदिर कहा जाता हैं।

## आज की दुनिया में भी इमानदारी है

**जिंदा कमलागंज में बाइक से गिर गया था गहनों से भरा बैग,कृष्णकांत को मिला तो लौटाया बापस**



**शिवपुरी।** शहर के कमलागंज इलाके में कुछ देर पहले बाइक से गुजरते समय एक महिला का नगदी और आभूषण से भरा बैग टपक गया। महिला को इस बात का अहसास तक नहीं हुआ। रेजर स्ट्रीट के समीप पूजा पान एंड कन्फेक्शनरी के मालिक कृष्णकांत राठौर को यह बैग नजर आया तो उन्होंने उसे उठा लिया। साथ में मौजूद पिता को बताया तो दोनों ने मिलकर बैग खोलकर देखा जिसमें नाम पता मौजूद था। केके राठौर ने बिना देर किये, उस नाम नंबर पर फोन लगाया तो पता लगा कि बैग रश्मि रजक का है, जो कुछ देर पहले बाइक पर सवार होकर इस इलाके से निकली थी और रास्ते में बैग गिर गया था। इस बैग के अंदर 3500 रुपये मौजूद थे जबकि आभूषण भी रखे हुए थे। रश्मि को जैसे ही बैग गिरने और वापस मिल जाने की जानकारी मिली वह अपने परिजनों के साथ दौड़ी भागी कृष्णकांत राठौर की दुकान पर आई। जहां मीडिया की मौजूदगी में कृष्णकांत ने उक्त महिला का बैग उन्हें वापस कर दिया। बैग पाने के बाद रश्मि की चेहरे की खुशी देखते ही बन रही थी। आसपास के लोगों ने केके की जमकर सराहना की। लोग कहते नजर आए कि आज की दुनिया में भी इमानदारी जिंदा है।

## जन्माष्टमी के दिन आदिवासी बच्चे को सागर खरे ने किया रक्तदान

शिवपुरी।

जय माई मानव सेवा समिति के सदस्य सागर खरे ने जन्माष्टमी के दिन बी पॉजिटिव ब्लड डोनेट किया आदिवासी बच्चा 2 साल का था और उसकी मां 2 दिन से परेशान थी ब्लड बैंक में ब्लड नहीं होने के कारण जैसे ही समिति के अमित गोयल अध्यक्ष के पास कॉल आया की एक आदिवासी बच्चा है अवि आदिवासी नाम है उसको बी पॉजिटिव ब्लड की जरूरत है जैसे ही सागर खरे को पता पड़ा तो सागर खरे सीधे ब्लड बैंक में ब्लड डोनेट कर आये अवि आदिवासी 2 साल के बच्चे के लिए ब्लड डोनेट किया सागर खरे ने बताया कि आज मेरा ब्लड जन्माष्टमी के दिन किसी बच्चे को काम आ रहा है और मैं बहुत खुश हूं जो मैंने आज जन्माष्टमी पर किसी बच्चे को ब्लड दिया है।

## पोहरी थाना प्रभारी की बड़ी कार्यवाही,एक माह पूर्व हुई चोरियों का किया खुलासा, 2 चोरों को किया गिरफ्तार,माल बरामद



शिवपुरी। खबर पोहरी थाना क्षेत्र अंतर्गत की है जहां बीते दिनों हुई सिल-सिलेवार चोरियां का थाना प्रभारी जितेंद चंदेलिया के द्वारा खुलासा किया है।शिवपुरी पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल के निर्देशन में एसडीओपी निरंजन सिंह राजपूत के नेतृत्व में नाबागत थाना प्रभारी जितेंद चंदेलिया के द्वारा शिवपुरी-परिच्छा रोड ढाबे से दो लोगो को गिरफ्तार किया है जिनसे पूछताछ के दौरान दोनों लोगो ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। जहां पुलिस ने दोनो लोगो के कब्जे से चोरी का माल सहित नगदी बरामद कर संदिग्ध बाइक जब्त कर ली। जहाँ पुलिस ने दोनों लोगो को न्यायलय पेश कर दिया है।घटनाक्रम की जानकारी के अनुसार पोहरी थाना जितेंद चंदोलिया को मुखबिर से सूचना मिली कि दो लोग चोरी के माल को बेचने की घूम रहे है जिस पर थाना प्रभारी ने एसडीओपी निरंजन सिंह राजपूत के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया और मुखविर के बताए गए स्थान पर पहुच दबिश दी और मौके से दो लोगो को गिरफ्तार कर लिया जिसकी निशानदेही पर चोरी का माल बरामद कर लिया है। जहां पुलिस ने दोनों लोगो के कब्जे से एक बैटरी सहित परचून का सामान,3 मोबाइल एव नगदी 1000रु सहित संदिग्ध बाइक जब्त कर ली है। जहाँ पुलिस ने पोहरी में हुई दो अलग-अलग चोरियों का खुलासा किया है।

## 103 करोड़ का महाघोटालाः 5 करोड़ के गबन के मामले में आरोपी बनाए गए कैशियर सम्पत्ति होगी अधिग्रहित



शिवपुरी।

सहकारिता बैंक कोलारस के घोटाले की परतें अभी खुलती जा रही हैं। सूत्रों के अनुसार शिवपुरी सहकारिता बैंक के घोटाले में 103 करोड़ रूपए के गबन का आरोप है। अभी तक तो 5 करोड़ रूपए से अधिक का घोटाला स्पष्ट हो चुका है। जिसमें भृत्य से कैशियर बने राकेश पाराशर सहित तीन लोगों पर गबन की कायमी कोलारस थाने में कर ली गई है।सहकारिता बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी लता कृष्णन ने कोलारस ब्रांच के कैशियर आरोपी राकेश पाराशर की बेनामी सम्पत्ति को अधिग्रहण करने बावत पत्र जारी कर दिया है तथा उस पर साईन बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। ताकि अधिग्रहण और कुर्की की कार्रवाई को अंजाम दिया जाए। वहीं आरोपियों की गिरफ्तारी भी जल्द होने के आसार हैं। सूत्रों के अनुसार इस पूरे गबन का मास्टरमाईड आरोपी राकेश पाराशर को माना जा रहा है, जो कि भृत्य से बैंक अधिकारियों की कृपा के कारण कैशियर बना। सहकारिता बैंक कोलारस का खाता स्टेट बैंक में है और उक्त बैंक की राशि स्टेट बैंक में जमा न करते हुए आरोप है कि राकेश पाराशर ने अन्य खातों में ट्रांसफर कर दी। श्री पाराशर की कोलारस में समाजसेवी की छवि है और उसका पुत्र भाजपा का एक मंडल पदाधिकारी है। बताया जाता है कि श्री पाराशर के पास लगभग 70 से अधिक बसें और दो दर्जन से अधिक ट्रक हैं। अचानक आए इस पैसे के बारे में यह बताया जाता है कि पाराशर परिवार को जमीन की खुदाई में दफीना मिला है। लेकिन बैंक घोटाले के बाद स्पष्ट हुआ कि उसे दफीना नहीं बल्कि भ्रष्टाचार कर यह अकूत सम्पत्ति एकत्रित की गई है। कोलारस में भी पाराशर परिवार का एक अलीशान मकान है। बैंक प्रबंधन ने मध्यप्रदेश राज्य सहकारी सोसायटी अधिनियम की धारा 67 के अंतर्गत एक आदेशित पत्र कोलारस शाखा में इस बावत दिया है कि आरोपी राकेश पाराशर के समस्त बेनामी सम्पत्ति पर सहकारिता विभाग के साईन बोर्ड लगाकर अधिग्रहण और कुर्की की कार्रवाई संपादित की जाए। इसके बाद बताया जाता है कि राकेश पाराशर ने आनन-फानन में अपनी चल-अचल सम्पत्ति बेचना शुरू कर दिया है और एक दर्जन से अधिक उसके नजदीकियों ने उसकी बेनामी सम्पत्ति को औने पौने दामों पर श्री पाराशर के निर्देश पर विक्रय कर डाला। इसी तर्ज पर श्री पाराशर की गाडि?ां भी बेची गई हैं। वहीं आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास भी तेज हो गए हैं। हालांकि अभी तक कोई घोटालेबाज पुलिस गिरफ्त में अभी तक नहीं आए हैं।

## फिट इंडिया हिट इंडिया- सपोर्ट वेपन्स ट्रेनिंग स्कूल आईटीबीपी

**संस्थान ने गौरवमय भावभीनी विदाई स्वरूप आज के 42 किलोमीटर के रूट मार्च को अपने महानिदेशक एसएस देसवाल को समर्पित किया है।**

करैरा। सपोर्ट वेपन्स ट्रेनिंग स्कूल, आईटीबीपी, करैरा द्वारा भारत सरकार के फिट इंडिया फ्रीडम रन अभियान को सार्थक करते हुए 42 किलोमीटर का रोड रन एंड वॉक का आयोजन किया गया। संस्थान प्रमुख ए पी एस निम्बाडिया,उप महानिरीक्षक के नेतृत्व में इस अभियान की शुरुवात दिनांक 28/08/21 को सुबह 1बजे संस्थान के प्रशिक्षण ग्राउंड से की गई जिसमे संस्थान के सभी पदाधिकारियों एवम परीक्षणार्थियो कुल 272 हिमवीरो ने जोश एवम जुनून के साथ भाग लेकर उत्तम स्वास्थय के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। संस्थान प्रमुख ने बताया कि बल महानिदेशक सुरजीत सिंह देशवाल , आईपीएस द्वारा बल के कर्मियों उनके परिवारों एवम स्थानीय निवासियों के फिट रहने के लिए विशेष अभियान चलाए जा रहे है। जिसके तहत साइक्लोथन, मैराथन , देश के प्राचीन खेलो जैसे कब्बड़ी, खो खो आदि का आयोजन किया जा रहा है जिससे लोगो मे स्वास्थय के प्रति जागरूकता बढ़ी है ।साथ ही साथ इस प्रकार के आयोजनों से सामाजिक भाईचारा , एकता तथा देश के प्रति कर्तवनिष्ठा बढ़ती है। यहां यह बताना भी आवश्यक है कि आईटीबीपी बल के महानिदेशक सुरजीत सिंह देशवाल इस महीने की 31 तारीख को सेवानिवृत हो रहे है। संस्थान ने गौरवमय भावभीनी विदाई स्वरूप आज के 42 किलोमीटर के रूट मार्च को अपने महानिदेशक एसएस देसवाल को समर्पित किया है और भविष्य मै भी उनके द्वारा दी गई विरासत को जारी रखने की प्रतिज्ञा की है। अंत मे समापन सपोर्ट पेपर ट्रेनिंग स्कूल की ग्राउंड में हुआ। समापन मे सभी अधिकारियों जवानों ने जमकर नाच गाना किया उसी के साथ उपमहानिरीक्षक ए पी एस निम्बाडिया ने की नाचने गाने से शरीर मे फुर्ती आती है और थकावट दूर हो जाती है।




## मप्र स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की बैठक आयोजित, कई पदों पर महिला पदाधिकारियों का हुआ मनोयन



शिवपुरी।

मध्यप्रदेश शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संगठन मध्यप्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की गत दिवस गोविन्द नगर स्थित संस्था कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया गया। यहां मप्र स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष मनोज भार्गव ने बैठक की अध्यक्षता की और संगठन में कुछ पदों में परिवर्तन करते हुए संगठनात्मक गतिविधियों को संचालित करने हेतु मनोनयन किया गया जिसमें सीएमओ कार्यालय में पदसथ नेत्र सहायक राजकुमार शर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। सह सचिव के रूप में सुखदेव पाण्डे को पर्यवेक्षक को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मनपुरा को सह सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है।विजय अरोरा को एएनएम सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सतनबाड़ा संगठन मंत्री के पद पर नियुक्त किया गया। सतनबाड़ा की ब्लॉक अध्यक्ष पद पर अनीता निकुंज को एल.एच.व्ही. सेक्टर सिरसौद सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रसतनबाड़ा को नियुक्त किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पोहरी उपस्वास्थ्य केन्द्र जौराई में पदस्थ वंदना राय को ब्लॉक अध्यक्ष पद नियुक्त किया गया।सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र करेरा में पदस्थ मधुलता दुबे को करैरा का ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इन सभी मनोनीत कर्मचारियों का संस्था कार्यालय पर माल्यार्पण कर स्वागत किया गया एवं सात दिवस के अंदर अपनी कार्यकारिणी बनाने के लिए निर्देशित भी किया गया है ताकि संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जा सके। नियुक्त होने पर बधाई देने वालों में प्रमोद कटारे जिला संरक्षक, महेन्द्र नारायण सिंह चौहान सचिव, श्रीमती अल्का श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष, अमीर खान कोषाध्यक्ष, रामस्वरूप श्रीवास्तव उपाध्यक्ष, राजेन्द्र शर्मा, वर्षा शर्मा व सुनीता धाकड़ शामिल है। इस दौरान मप्र स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष मनोज भार्गव ने सभी मनोनीत व कार्यकारिणी सदस्यों से आह्वान किया कि वह संगठन को सशक्त और मजबूत बनाने के संगठन के उद्देश्यों की पूर्ति करें और अपने कार्य क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करें ताकि संगठन की अपनी अलग पहचान हो। इस अवसर पर सभी मनोनीत पदाधिकारियों ने संगठन जिलाध्यक्ष मनोज भार्गव के प्रति अपने मनोनयन को लेकर आभार प्रकट किया।

## जूडो 29 अगस्त 2021 को, ITBP RTC करैरा ने सरकारी मॉडल स्कूल, करैरा के बच्चों को जूडो प्रशिक्षण दिया



करैरा। आईटीबीपी द्वारा इस स्कूल में आयोजित यह दूसरा 01 दिवसीय शिविर है। इस मार्शल आर्ट प्रशिक्षण में कुल 30 बच्चों ने भाग लिया जिसमें 22 लड़कियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण द्वारा प्रदान किया गया था हेड कांस्टेबल देशले उमेश और कांस्टेबल सुशील कुमार।यह प्रशिक्षण शुरू कर दिया गया है। सुरिंदर खत्री द्वारा डीआईजी आरटीसी न केवल बच्चों को विशेष रूप से लड़कियों को आत्मरक्षा में प्रशिक्षित करने के लिए बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर करेरा से जूडो चैंपियन बनाने के उद्देश्य से भी। यह प्रशिक्षण आईटीबीपी आरटीसी द्वारा प्रत्येक रविवार को शासकीय मॉडल स्कूल करेरा में आयोजित किया जाएगा। डीआईजी आरटीसी ने यह भी जानकारी दी है कि इस मार्शल आर्ट प्रशिक्षण में अन्य स्कूलों के बच्चे भी भाग ले सकते हैं। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर बच्चे मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

# सजा दो घर को गुलशन सा.......धुन के साथ हुआ भगवान श्रीकृष्ण का आगमन





भिण्ड। जिले में जन्माष्टमी पर भगवान श्रीकृष्ण के मंदिरों को खूबसूरत तरीके से सज गया है। दिन भर श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर भजन-कीर्तन किया। रात बारह बजते ही घंटा घड़ियालों के साथ बधाइयां बजनी शुरू हो गई। श्रद्धालुओं ने गोले व पटाखे दागे और आरती की। महिलाओं ने गोकुल में बजत है बधैया, नंद के घर जन्मे कन्हैया, अन्य सोहर गीत गाए। भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव की तैयारियां पखवारे भर से चल रही थीं। सोमवार को इंतजार की घड़ियां खत्म हुई और वह दिन आ पहुंचा। सुबह स्नान-ध्यान कर श्रद्धालुओं ने व्रत रखा। दिन भर भजन-कीर्तन करते हुए लोगों ने श्री कृष्ण जी की आराधना की और जगह-जगह झांकियां सजाई। जिले के सभी थानों, कृष्ण मंदिरों सहित अन्य स्थानों पर झांकियां सजाई गई थीं। भगवान श्रीकृष्ण के अभिषेक के साथ ही कृष्ण महोत्सव का भी आगाज हो गया। शाम होते जिले के सभी द्वारकाधीश मंदिरों पर भीड़ जमा होने लगी। पुजारियों द्वारा ठाकुर जी के विग्रह का पंचामृत अभिषेक हुआ। दूध, दही, घी, शहद, बूरा के साथ लगभग 35 मिनट तक मंत्रोच्चारण के बीच अभिषेक किया गया। इसके बाद ठाकुर जी का भव्य श्रृंगार हुआ। इस दौरान भक्तों का हुजूम उमड़ पड़ा। शाम 7:30 बजे आरती और भोग लगाया गया। रात 10 बजे जागरण की पहली झांकी खुली और 11:45 पर ठाकुर जी के जन्म का अभिषेक हुआ। ठाकुर जी के जन्म के बाद भक्तों ने सजा दो घर को गुलशन सा.......धुन के साथ हुआ भगवान श्रीकृष्ण का अगुवाई करी। श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पहुंचकर सुंदर सजी झांकियों के दर्शन किए और उनकी तस्वीर मोबाइल व कैमरों में कैद की। इस दौरान श्रद्धालुओं ने आरती की तो महिलाओं ने सोहर गाए जिससे पूरा माहौल भक्ति मय रहा। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर पूरे जिले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही।

### बच्चों को बनाया कृष्ण कन्हैया

जन्माष्टमी पर माताओं ने अपने छोटे -छोटे बच्चों को कान्ही की ड्रेस पहनाकर कृष्ण कन्हैया बनाया। माताएं अपने बच्चों में कृष्ण का रूप देती हैं और उन्हें दूध, दही, मिठाई से मूंह मीठा कराती है। वहीं विद्यावती स्कूल के छात्रों ने राधा कृष्ण की मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।



## शिक्षकों ने दिये रूपये एक-एक हजार 71 नवप्रवेशी छात्रों को मिली 426 नोटबुक

भिण्ड। शनिवार को विकासखण्ड भिण्ड के उत्कृष्ट विद्यालय शा. हाई स्कूल रछेडी में नवप्रवेशी 71 छात्रों को 426 नोटबुक (कॉपियों) का वितरण किया गया। उक्त जानकारी को देते हुए शा.हाई स्कूल रछेडी की प्राचार्य श्रीमती मीनाक्षी यादव ने बताया कि इस इस वर्तमान सत्र 2021-22 में 71 छात्र नवप्रवेशी थे। प्रत्येक छात्र को 6-6 नोटबुकों का वितरण भिण्ड विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी उमेश सिंह भदौरिया, भिण्ड बी.आर.सी.सी सतेन्द्र सिंह कुशवाह एवं जन शिक्षा केन्द्र प्रभारी राघवेन्द्र सिंह कुशवाह के द्वारा किया गया। इस अवसर पर भिण्ड विकासखण्ड शिक्षा अधिकार उमेश सिंह भदौरिया ने कहा कि आप सभी के अन्दर भी किसी भी प्रकार की प्रतिभा की कमी नहीं है, आप कर्तव्य निष्ठ होकर अध्ययन कार्य में लगे रहे आप नी मेधावी छात्र बन सकते है। गत सत्रों में भी शासकीय हाईस्कूल रछेडी स्कूल के छात्रों ने 92 प्रतिशत अंको से अधिक अंक लाकर बोर्ड परीक्षा पास की है। आप भी ये रिकॉर्ड तोड़ सकते है। इसी क्रम में बी.आर.सी.सी भिण्ड सतेन्द्र सिंह कुशवाहा ने कहा ग्रामीण क्षेत्र में उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में शासकीय हाईस्कूल रछेडी विगत सत्रों से ही बोर्ड परीक्षा परिणाम में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के कई परिवार आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं, ऐसे समय में शासकीय हाईस्कूल रछेड़ी के शिक्षकों के द्वारा नोटबुकों का यह दान बहुत अहम भूमिका रखता हैं। उपस्थित अतिथियों ने मुख्य अतिथि के रूप में भिण्ड बी.ई.ओ उमेश सिंह भदौरिया का स्वागत विद्यालय के वरिष्ट शिक्षक प्रेम सिंह देवेश ने विशिष्ठ अतिथि के रूप में भिण्ड बी.आर.सी.सी सतेन्द्र सिंह कुशवाह का स्वागत विद्यालय के शिक्षक इन्द्रपाल सिंह कुशवाह ने एवं कार्यक्रम की अध्ययक्षता के रूप में संकुल प्राचार्य राघवेन्द्र सिंह कुशवाह का स्वागत विद्यालय के शिक्षक रामसंजीवन भारद्वाज ने माल्यपर्ण कर किया।



## स्व. कुशाभाऊ ठाकरे की जयंती पर मंडलों के केंद्रों पर आयोजित हुए सुंदरकांड पाठ

### प्रदेश भाजपा कार्यालय से होगा जन्मशताब्दी समारोह का शुभारंभ, वर्चुअल के माध्यम से शामिल हुए भिंड जिले के कार्यकर्ता

भिण्ड। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व. कुशाभाऊ ठाकरे के जन्मशताब्दी वर्ष को पार्टी संगठन पर्व के रूप में मनाएगी। वहीं स्व. ठाकरे की जयंती पर प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर भिंड जिले में आदरांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य समारोह पार्टी के प्रदेश कार्यालय में होगा और सभी भिंड जिले से कार्यकर्ता कार्यक्रम मैं वर्चुअली से जुड़े जिले के सभी 26 मंडल और 1480 बूथ केन्द्रों पर आयोजित कार्यक्रमों में स्व. ठाकरे जी को पुष्पांजलि अर्पित जी को पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा उनके चित्र पर दीप प्रज्वलित माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। संगठन के शिल्पी स्व. कुशाभाऊ ठाकरे जी की जन्मतिथि 30 अगस्त जन्माष्टमी से उनके जन्मशताब्दी वर्ष को संगठन पर्व के रूप में मनाया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने बताया कि संगठन पर्व के अंतर्गत अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। वहीं स्व. ठाकरे की जयंती पर जिला मुख्यालय की मंशापूर्ण हनुमान मंदिर पर सुंदरकांड पाठ का संगीत में शुक्ला एंड पार्टी द्वारा आयोजन किया गया जाएगा। इसके उपरांत प्रातः 11 से 11.50 बजे तक वक्ताओं द्वारा स्व. ठाकरेजी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर के साथ उनके विचारों का प्रकाश डाला। 11.50 बजे से प्रदेश कार्यालय पं. दीनदयाल परिसर में स्व. कुशाभाऊ ठाकरे जन्म शताब्दी समारोह का शुभारंभ किया गया। जिला केन्द्र इस कार्यक्रम से वर्चुअली कार्यकर्ता शामिल हुए इसके साथ ही प्रदेश के प्रत्येक मंडल एवं बूथ केन्द्रों पर भी कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर पूर्व जिला अध्यक्ष केशव सिंह भदोरिया रविसेन जैन राजेंद्र शर्मा राजे जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष के पी सिंह भदोरिया श्याम सुंदर सिंह जादौन ने स्वर्गीय कुशाभाऊ ठाकरे जी के जीवन पर बोलते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में संगठन का विस्तार उनकी त्याग तपस्या और बलिदान और पराकाष्ठा के साथ वटवृक्ष की तरह खड़ा है जन्म शताब्दी वर्ष 2021 से जन्माष्टमी से जन्माष्टमी 2022 तक बनाने का निर्णय प्रदेश नेतृत्व ने लिया हम सब कार्यकर्ता प्रत्येक मंडलों में संगठन द्वारा संचालित कार्यक्रमों में अपना श्रमदान कर उनके विचारों को जन जन तक पहुंचाने एवं संगठन विस्तार का आज हम संकल्प लें यही उनके लिए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित होगी। 26 मंडलों में हुए सुंदरकांड के पाठ मेहगांव में गजेंद्र सिंह भदोरिया अटेर संतोष सिंह तोमर फूप शैलेंद्र पालीवाल पीपरी रायसिंह नरवरिया लहार जबर सिंह कुशवाह मछंद दीपक सिंह राजावत मिहोना विकास बोहरे आलमपुर देवेंद्र उपाध्याय दमोह कुलदीप सिंह कौरव गोहद नगर विवेक जैन दीपक सिंह तोमर गोहद ग्रामीण चितौरा रवि शर्मा मालनपुर देवेंद्र गौड़ अवधेश सिंह बघेल रोन अमायन तेज बहादुर सिंह चौहान असवार अनूप त्यागी के नेतृत्व में सुंदरकांड का पाठ आयोजित कर स्वर्गीय ठाकरे जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## शासन द्वारा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना 2.0 के अन्तर्गत निर्धन परिवारों को

### निःशुल्क गैस कनेक्शन प्रदाय किये जाने हेतु पात्रता जारी कर आवेदन मांगे गये

भिण्ड । शासन द्वारा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना 2.0 के अन्तर्गत निर्धन परिवारों को निःशुल्क गैस कनेक्शन प्रदाय किये जाना है। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना अंतर्गत नवीन गैस कनेक्शन जारी किये जाने पर समस्त पात्र हितग्राहियों को डिपॉजिट फ्री कनेक्शन के साथ-साथ प्रथम रिफिल एवं स्टोक (हॉट प्लेट) निःशुल्क प्रदान किये जायेगे। इसके तहत निम्नानुसार पात्र श्रेणीयों को शामिल किया गया है।

उज्जवला 2.0 अंतर्गत ऐसी वयस्क महिला गैस कनेक्शन प्राप्त करने हेतु पात्र होगी जो गरीब गृहस्थी से संबंध रखती है एवं जिसकी गृहस्थी में किसी प्रकार का गैस कनेक्शन स्थापित नहीं है।

2011 की सूची अनुसार पात्र हो।

अनुसूचित जातिध्जनजाति गृहस्थी, प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही, अंत्योदय अन्न योजना, वनवासी, अति पिछडा वर्ग, चाय और पूर्व चाय बागान जनजातियाँ, द्वीप एवं नही द्वीप में निवासरत। इस प्रकार उक्त 7 श्रेणी से संबंध रखती हो। इस हेतु पात्र श्रेणी का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। यदि आवेदिका उपरोक्त कमांक 01 एवं 02 अंतर्गत नहीं आती है, एवं गरीब गृहस्थी से संबंध रखती है तो योजना का हितग्राही होने के दावे के रूप में 14 बिन्दुओं का घोषणा पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। योजनांतर्गत उज्जवला 2.0 के अंतर्गत नामाकंन हेतु आवेदिका को निम्नानुसार दस्तावेज प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

1. मानक प्रारूप में विधिवत हस्ताक्षर एवं फोटो युक्त फार्म
2. पहचान का प्रमाण
3. निवास का प्रमाण पत्र
4. आवेदिका के आधार की प्रति।
5. परिवार के समस्त वयस्क सदस्यों के आधार की प्रति
6. आवेदिका के बैंक खाते का विवरण
7. राशन कार्ड अथवा समग्र आईडी।
8. आवेदिका प्रवासी होने की स्थिति में परिवार संयोजन की जानकारी संबंध स्व-घोषणा पत्र।
9. यदि आवेदिका उपरोक्त अ (2) अंतर्गत 7 श्रेणीयों से संबंध रखती है, तो पात्र श्रेणी का प्रमाण पत्र ।
10. गरीब गृहस्थी से संबंधित होने के दावे के रूप में 14 बिन्दुओं का घोषणा पत्र ।

## जिले को पूर्ण वैक्सीनेट करवाना ही शर्मा जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी : डॉ. अजीत मिश्रा

### आधा सैकड़ा वॉलिंटियर का हुआ सम्मान



भिण्ड। जिला चिकित्सालय स्थित ट्रामा सेंटर के सभागार में डॉ. श्याम बिहारी शर्मा जी की स्मृति में आयोजित कोरोना जागरूकता विचार कुंभ एवं वॉलिंटियर सम्मान के अवसर पर मुख्य अतिथि की आसंदी से बोलते हुए जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजीत मिश्रा ने कहा भिंड जिले का चिकित्सालय पूर्णतः कोरोना महामारी से निपटने के लिए सक्षम है और पहली प्राथमिकता यह है कि हम समस्त जिले वासियों को पूर्णतः टीकाकृत करें। तो यह डॉ श्याम बिहारी शर्मा जी के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मंच पर कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर रामानंद शर्मा ने की, जबकि मंच पर आयोजक इंजी. विजय प्रकाश शर्मा के साथ सिविल सर्जन डॉ अनिल गोयल जी विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं जन्माष्टमी के पावन अवसर पर भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा पर अतिथियों ने माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना से किया। स्वागत भाषण एवं कार्यक्रम की रूपरेखा प्रोफेसर रामानंद शर्मा ने प्रस्तुत की, कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर इकवाल अली और आभार इंजी. विजय प्रकाश शर्मा द्वारा किया गया। सिविल सर्जन डॉ. अनिल गोयल ने अपने उद्बोधन में कहा कोरोना के प्रथम दौर में डॉ. श्याम बिहारी शर्मा ने जो सेवा कार्य आरंभ किए उन्हें सतत आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। तथा कोरोना महामारी के लिए सावधानियों को अपनाकर इसकी संभावित तीसरी लहर से बच सकते हैं।

कार्यक्रम के दौरान मिथिलेश चौहान, निशा राजावत, रमन मित्तल, आशा भदौरिया, आभा जैन, प्रेम नारायण बरुआ, बी.पी. त्यागी, हरी बाबू निराला, शैलेश सक्सेना, अंजू जैन, शिव प्रताप सिंह भदोरिया, विपुल सेठ, धीरज श्रीवास्तव, जयेस सिंह कुशवाह, शशिकांत शर्मा, नीरज शर्मा, डॉ देवेश शर्मा, अवधेश शर्मा, रिपुदमन मिश्रा,स्वदेश सिंह भदोरिया, राजेश शर्मा, राहुल शर्मा, सोहन तिवारी, गिरीश शर्मा, पवन शुक्ला, हरेंद्र देव शर्मा, हरे कृष्ण शर्मा आदि सहित 50 से अधिक वॉलिंटियर को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## तेरहवीं में शामिल होकर बाइक से लोट रहे चाचा-भतीजे के साथ लूट

### नकाब-पोश बदमाशों ने कट्टा अड़ाकर बाइक व नगदी छीनकर भागे

भिण्ड। तेरहवीं में शामिल होकर बाइक से लौट रहे चाचा-भतीजे के पीछे साफी से मुंह बांधकर तीन बदमाश बाइक से पीछा करने लगे और जैसे सुनसान इलाके में पहुंचे तो उन्होंने चाचा-भतीजे पर कट्टा तान दिया, जिसके बाद बदमाश बाइक व नगदी लूटकर रफू चक्कर हो गये। यह वारदात दबोह थाना क्षेत्र के ग्राम ज्ञानपुरा मैनरोड पर घटित हुई। हादसे के बाद फरियादी रोता हुआ थाने पहुंचा और पुलिस को पूरी वारदात के बारे में बताया, जिस आधार पर पुलिस ने मामले की जांच करते हुए अज्ञात तीन बदमाशों के विरुद्ध धारा 392, 506, 34 भादवि के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार हरेन्द्र पुत्र अरविन्द सिंह निवासी जालौन उप्र से बताया दतिया में किसी रिश्तेदार के यहां तेरहवीं में शामिल होकर रविवार रात करीब 9 बजे क्षेत्र के ग्राम ज्ञानपुरा मैन रोड से होकर गुजर रहे थे, इसी दौरान अज्ञात बदमाश बाइक पर सवार होकर साफी से मुंह बांधे हुए थे जो पीछा करने लगे और जैसे सूनसान इलाके में पहुंचे तो उन्होंने बाइक आगे लगाकर कट्टा अड़ा दिया जिसके बाद बाइक कीमत 40 हजार सहित 4 हजार 600 रुपये नगदी लूटकर रफू चक्कर हो गये। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर बदमाशों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

### सड़क हादसे में घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

भिण्ड। गोहद थाना क्षेत्र के ग्राम चितोरा रोड पर एक सड़क हादसे में महिला घायल हो गई थी, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है। पुलिस ने आरोपी चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार पप्पी बानो पत्नी सत्तार खा उम्र 34 वर्ष निवासी वार्ड क्र.5 गोहद जो सड़क हादसे में 27 फरवरी 2021 सुबह 9 बजे घायल हो गई थी, तब से लेकर अब तक अस्पताल में इलाज चल रहा था।

## पानी की निकासी नहीं होने से बीच सड़क पर भर रहा बारिश का पानी, शिकायत के बाद भी नहीं हो रही सुनवाई

### वार्ड क्र.24 राम नगर में दो माह से बरसात का पानी सड़क पर, पनप रहे मच्छर, जहरीले कीड़े-मकूड़े, फैल सकती है बीमारियां





भिण्ड। शहर के बायपास रोड स्थित वार्ड क्र.24 कटारे वाली रोड के सामने राम नगर के रहवासी पानी के निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से सड़क में भरे गंदे पानी और कीचड के बीच से आवागमन करने मजबूर हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि दो माह से बारिश हो रही है जिस कारण खाली प्लाट फुल हो गये हैं अब स्थिति यह है कि बारिश का पानी सड़क पर आने से वाहन व घरों से निकले में काफी परेशानी हो रही है, जहरीले कीड़े-मकूड़े पनप रहे है जो रात होते ही घरों में प्रवेश कर जाते हैं। जल निकासी के लिए नगर पालिका अधिकारी, एसडीएम कार्यालय में शिकायत कर चुके हैं फिर भी कोई देखने तक नहीं आया है। सफाई दरोगा से कईबार बोल चुके है व लिखित में भी शिकायत कर चुके हैं फिर भी लापरवाही बरती जा रही है। सड़क के दोनों ओर पक्की नाली निर्माण की मांग वार्डवासी लंबे समय से करते आ रहें हैं। इसके बाद भी अभी तक समस्या जस की तस बनी हुई है। पानी निकासी नहीं होने के कारण आज भी सड़क में तालाब जैसा पानी भरा रहता है।

वार्डवासियों ने इस समस्या से स्थानीय प्रशासन से लेकर जिला प्रशासन सभी को भी अवगत कराया है। सबसे ज्यादा दिक्कत बरसात के दिनों में होती है। बताया गया कि जब से मार्ग के दोनों तरफ रहवासी मकान बनें हैं तब से समस्या और बड गई है। घरों के निस्तार का पानी सहित बरसात का पानी सड़क के बीचों बीच भरा रहता है। अधिक बारिश होने पर पानी आसपास के घरों में घुस जाता है। पिछले दिनों पक्के मकानों में तेज बारिश के बाद पानी घर के अंदर घुटने तक भर गया था। जिससे घर के अनाज के बोरे सहित गृहस्थी का सामान भीग गया। इस समस्या को लेकर वार्ड के लोग सफाई दरोगा को अवगत कराया, फिर भी सुनवाई नहीं हुई तो सीएम हेल्पलाइन लाइन तक शिकायत दर्ज करा चुके हैं। सड़क पर पानी भरे होने से लोगों में नगरीय प्रशासन के खिलाफ लोगों में आक्रोश पनप रहा है कि जल्द जल निकासी की व्यवस्था नहीं की गई तो सड़क पर चक्का जाम कर सकते हैं जिसकी जिम्मेदारी जिला व नगरीय प्रशासन की होगी।

### इनका कहना है :

सड़क पर लंबे समय से बरसात का पानी भरा हुआ है जिससे जहरीले कीड़े व मच्छर पनप रहे हैं और लोग बीमारियों का शिकार हो सकते हैं, जल निकासी के लिए नगर पालिका में आवेदन दिया फिर भी सुनवाइ नहीं हो रही है।

**-सुनील गोयल, वार्ड क्र.24 राम नगर भिण्ड**

नगर पालिका ने सड़क तो बना दी, लेकिन नालियां नहीं बनायी जिस कारण बरसात होते ही पानी सड़क पर तालाब का रूप धारण कर लेती है और लोग गंदे पानी से धसकर निकलने के लिए मजबूर होते हैं।

**-बृजेश गोयल, वार्ड क्र. 24 राम नगर भिण्ड**

## हमले का खतरा

अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में हुए फिदायीन हमले के बाद खतरा कतई कम नहीं हुआ है। खबर मिली है कि अब पाकिस्तान में बैठे आतंकी आकाओं ने तालिबान से बात की है और कश्मीर में जिहाद भड़काने के लिए मदद मांगी है। इसकी सूचना मिलते ही भारत में सभी राज्यों को अलर्ट कर दिया गया है। खुफिया अधिकारियों को सोशल मीडिया से लेकर सभी महत्वपूर्ण जगहों पर निगरानी करने को कहा गया है। काबुल हमले के बाद भारत पर आईएसआईएस-के के हमले का खतरा बढ़ गया है। आशंका है कि यह संगठन दक्षिण एशिया और इसके बाद भारत तक पहुंचने की कोशिश कर सकता है। आईएसआईएस खुरासान इस्लामी शासन थोपना चाहता है। आईएसआईएस-के को इस्लामिक स्टेट खुरासान भी कहा जाता है। यह संगठन तालिबान और अल-कायदा से भी कट्टर माना जाता है। खुफिया अधिकारियों को आशंका है कि यह ग्रुप जिहादी मानसिकता का विस्तार करना चाहता है। इसकी कोशिश है कि यह सेंट्रल एशिया और फिर भारत तक पहुंचे। इसकी मंशा युवाओं को अपने संगठन से जोड़ने और फिर आतंकी हमले कराने की है। अधिकारी मानते हैं कि खुरासान ग्रुप खलीफा का निजाम लाना चाहता है और यह भारत तक पहुंचने की कोशिश करेगा। भारतीय खुफिया एजेंसियां इसलिए भी सतर्क हैं क्योंकि केरल और मुंबई के कुछ युवा पहले आईएस में शामिल हो चुके हैं। कुछ और युवाओं को बहकाया जा सकता है। अगर यह साजिश रचता है तो भारत में कुछ कट्टरपंथी या आतंकी संगठन फिर सिर उठा सकते हैं। खुरासान ग्रुप युवाओं को अपने साथ जोड़ने की कोशिश कर सकता है। अफगानिस्तान में तालिबान का शासन आने के बाद आतंकी संगठनों को नई ताकत मिली है। भारत में कई हमलों का जिम्मेदार जैश-ए-मोहम्मद अब अफगानिस्तान के हेलमंद प्रांत पहुंच गया है। इसकी सीमा कंधार से लगती है। इसी तरह लश्कर-ए-तैयबा पूर्वी अफगानिस्तान के कुनार प्रांत से ऑपरेट कर रहा है। 2008 के मुंबई हमलों के पीछे लश्कर ही जिम्मेदार था। काबुल में गुरुवार को हुआ आतंकी हमला वास्तव में तालिबान को भी एक संदेश है कि वो बंदोबस्त नहीं कर सकता। खुरासान ग्रुप तालिबान सरकार में भी शेयर चाहता है। यह संगठन सबसे पहले 2014 में सामने आया। बाद में इसकी पहचान एक बेहद दुर्दांत और वहशी संगठन के तौर पर होने लगी। हक्कानी नेटवर्क और पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई से रिश्ते हैं। अमेरिकी अफसर मानते हैं कि इस ग्रुप में पाकिस्तानी और उज्बैक लड़ाके शामिल हैं। खास बात यह है कि इस संगठन और अफगान तालिबान के बीच भी दुश्मनी है। हालांकि, ये साफ नहीं है कि इराक और सीरिया में एक्टिव आईएस से कितने करीबी रिश्ते हैं। मगर समय के साथ यह भी सामने आ ही जाएगा। अभी तो भारत को सतर्कता बरतने की जरूरत है। खुरासान वास्तव में इस्लामिक स्टेट की स्थानीय और पुरानी यूनिट है। तालिबान से उसकी पुरानी या कहें 2014 से ही दुश्मनी है। इस ग्रुप को लगता है कि तालिबान ने अमेरिका के समर्थन वाली अफगान सेना के साथ मिलकर उसे कमजोर किया। अब वो बदला ले रहा है। तालिबान के लिए भी यह चुनौती है। हालांकि, कुछ जिहादी इसे आईएसआईएस की मूर्खता बता रहे हैं। इनका कहना है कि हमले में अमेरिकियों के साथ मुस्लिम भी मारे गए और इसीलिए यह इस्लाम के लिए नुकसानदायक है। दो साल पहले यानी 2019 तक अफगानिस्तान के नंगरहार प्रांत में आईएसआईएस का तगड़ा होल्ड था। फिर तालिबान ने अफगान सेना के साथ उसे वहां से उखाड़ फेंका। यही वजह है कि आईएस तालिबान को अमेरिकी मोहरा करार देता है।

# क्या मायावती की बसपा आज भाजपा की बी-टीम हो गई है!

**आजाद सिंह डबास**

6 माह बाद उत्तर प्रदेश में विधान सभा चुनाव होने जा रहे हैं। भाजपा और सपा चुनावी तैयारियों में जोर-शोर से लगी हुई हैं। कांग्रेस पार्टी भी यदा-कदा अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है। उत्तर प्रदेश के अन्य छोटे दल जैसे अपना दल, राष्ट्रीय लोकदल, महान दल, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी, निषाद पार्टी, आप पार्टी इत्यादि भी अपने-अपने तरीके से सक्रिय हैं लेकिन बसपा बहुत ही रहस्यमईढ़ग से चुप्पी साधे हुए है। वो मायावती जो चार बार प्रदेश की मुख्यमंत्री रह चुकी हैं, कतई सक्रिय दिखाई नहीं पड़ रही हैं। राजनैतिक विश्लेषक इसके मायने तलाशने में लगे हुए हैं।

एक समय था जब बसपा की उत्तर प्रदेश में तूती बोलती थी। बहुत पुरानी बात नहीं है जब 2007 के विधान सभा चुनाव में 212 सीटें जीत कर बसपा ने पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई थी। इस चुनाव के पूर्व बसपा के संस्थापक काशीराम की वर्ष 2006 में मृत्यु हो चुकी थी और 2007 का चुनाव मायावती ने अपने बलबूते लड़ा और जीता। हालांकि इस चुनाव को जीतने के लिए मायावती ने सतीशचन्द्र मिश्रा की अगुवाई में तथाकथित सोशल इंजीनियरिंग के तहत प्रदेश में जो ब्राह्मण भाईचारा सम्मेलन करवाये उससे उसे ब्राह्मण समुदाय के 15-20 प्रतिशत वोट तो अवश्य मिले और पार्टी सरकार बनाने में भी कामयाब रही लेकिन सरकार चलाने में ब्राह्मणों का जो वर्चस्व रहा उससे बसपा से जुडी अनेक दलित और अति पिछड़ी जातियां उससे अलग हो गई। गौरतलब है कि 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 312 सीटे जीती और 39.67 प्रतिशत वोट प्राप्त किये। सपा 311 पर लड़ी, 47 जीती और 21.8 प्रतिशत वोट प्राप्त किये। कांग्रेस 114 पर लड़ी, 7 जीती और 6.25 प्रतिशत वोट प्राप्त किये जबकि बसपा 403 सीटों पर लड़ी, मात्र 19 जीती और लगभग 20 प्रतिशत वोट प्राप्त किये। यहाँयह भी गौरतलब है कि कुल 85 आरक्षित सीटों में से भाजपा ने जहां 2012 में मात्र 3 सीटे जीती थी वही भाजपा 2017 में 69 सीटेंजीतने में कामयाब हो गई। सपा ने जहां 2012 में 58 सीटें जीती थी उसे 2017 में मात्र 7 सीटें मिली जबकि बसपा 2012 में 13 और 2017 में मात्र 2 सीटें ही जीत पाई। आज बसपा के पास मात्र 19 विधायक हैं जिनमें से 11 निष्कासित हो चुके हैं और 9 विधायक अखिलेश यादव से मिल चुके हैं। आज मायावती के पास जाटव को छोड़ कर दलित वोट भी नहीं बचा है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाटव वोट में भी चन्द्रशेखर रावण की आजाद समाज पार्टी ने सेंध लगा दी है।

आजकल मायावती बसपा के पुराने वोट बैंक दलित और पिछड़ी/अति पिछड़ी जातियों को छोड़कर ब्राह्मण सम्मेलन करवाने में व्यस्त हैं। वे या तो इस गलतफहमी में ये सम्मेलन करवा रही हैं कि उत्तर प्रदेश के भाजपा से नाराज ब्राह्मणों के वोट उन्हें मिल जावेंगे या उन्हें 2007 वाले पुराने दलित, मुस्लिम और ब्राह्मण गठजोड़ बनने की उम्मीद है। मेरे मतानुसार ये दोनों ही बातें नहीं होने वाली हैं। मुझे लगता है कि बसपा का मुख्य उद्देश्य भाजपा से नाराज ब्राह्मणों का वोट पाना नहीं है अपितु यह वोट अखिलेश यादव की सपा को न मिल पावे, इसी कारणवश बसपा ये सम्मेलन कर रही है। वास्तविकता यह भी है कि मुसलमान भी आज बसपा को वोट देने वाला नहीं है। मुसलमानों को भली-भांति ज्ञात है कि मायावती ने मुसलमानों के हितों के विरूद्ध अनेक कार्य किये हैं। कुछ समय पूर्व ही सीएए पर हुई वोटिंग के



दौरान मायावती ने भाजपा का साथ दिया है। धारा 370 पर होने वाली वोटिंग के दौरान भी बसपा ने सदन से वॉक आउट कर भाजपा का साथ दिया है। बसपा के इसी सहयोग के एवज में कुछ माह पूर्व हुए राज्य सभा उपचुनाव में उत्तर प्रदेश से भाजपा ने 8 सीटों पर ही चुनाव लड़ा और एक सीट बसपा के रामजी गोतम के लिए छोड़ दी। ऐसा होने से बसपा के रामजी गोतम भाजपा के सहयोग से राज्य सभा के लिए चुन भी लिए गये जबकि भाजपा 10 मे से 9 सीटेंस्वयं जीत सकती थी। ये तीनों कदम यह सिद्ध करने के लिए प्रयाप्त हैं कि बसपा अब भाजपा के साथ है। यह बात अलग है कि बसपा का यह साथ सीबीआई/ ईडी जैसी केन्द्रीय एजेन्सियों के दबाव में है अथवा भविष्य में मिल सकने वाले उपराष्ट्रपति/राष्ट्रपति पद के प्रलोभन में। दोनों ही स्थितियों में बसपा देश का बड़ा अहित करने जा रही है।

उपरोक्त परिस्थितियां यह दर्शाने के लिए पर्याप्त हैं कि आज बसपा एक तरफ जहां अपना जनाधार खो चुकी है वहीं दूसरी ओर भाजपा के पाले में खड़ी दिखाई देती है। काशीराम के जमाने का एक भी नेता चाहे वह पिछड़ा/अति पिछड़ा वर्ग का हो अथवा उसी दलित वर्ग का जिससे मायावती स्वयं आती हैं, आज बसपा के साथ नहीं है। इस दयनीय हालत के लिए कोई ओर नहीं अपितु मायावती स्वयं जिम्मेदार हैं। ऐसा नहीं है कि मायावती के मुख्यमंत्री के 4 कार्यकालों के दौरान दलितों एवं पिछड़ों के लिए कुछ भी नहीं हुआ लेकिन उनके कार्यकाल में हुआ भ्रष्टाचार उन पर भारी पड़ रहा है। मायावती पर आय से अधिक सम्पत्ति के मामले हैं। उनके कार्यकाल के कई बड़े भ्रष्टाचार के मामले भी लम्बित हैं। अपने को इन भ्रष्टाचार के गंभीर मामलों से बचाने के लिए ही आज मायावती भाजपा के पाले में जाने हेतु मजबूर हैं। अत्यन्त दुख का विषय है कि जिस बसपा को काशीराम ने अपने खून पसीने से सींचा था और बसपा को एक राजनैतिक दल ही नहीं अपितु सामाजिक परिवर्तन का एक बड़ा औजार बनाया था, मायावती की करतूतों ने उसे मिटा दिया है। कितनी तकलीफ की बात है कि जो बसपा देश की पहले या दूसरे नम्बर की राष्ट्रीय पार्टी हो सकती थी, वह आज उत्तर प्रदेश से भी मिटने जा रही है। ऐसा होने से उन लाखों, करोड़ों गरीबों के सपने चकना-चूर हो गये हैं जिन्होंने कभी बसपा के माध्यम से देश में सामाजिक क्रांति का सपना देश था। यह सब अतिलोभ- लालच के कारण हुआ है।

कालान्तर में की गई अनेक गलतियों के कारण बसपा आज हाशिये की पार्टी बन गई है। आज बसपा के पास भाजपा का प्रत्यक्ष या परोक्ष साथ देने के अलावा कोई चारा नहीं है।ऐसी स्थिति में जब पार्टी राजनैतिक रूप से विफल होने जा रही है तब भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल जाने के बजाए मायावती की नजर भविष्य में होने वाले उपराष्ट्रपति/राष्ट्रपति के पद पर होगी। ऐसे ही राजनैतिक गुणा-भाग के कारण बसपा आज भाजपा की बी-टीम बन कर रह गई है।

## एकता में भाषा भी अवरोध

भाषा, जो दूसरों तक अपने विचारों को पहुंचाने का माध्यम है, उसे भी राष्ट्रीय एकता के सामने समस्या बनाकर खड़ा कर दिया जाता है. अपनी भाषा के प्रति आकषर्ण होना अस्वाभाविक नहीं है और मातृभाषा व्यक्ति के बौद्धिक विकास का सशक्त माध्यम बन सकती है, इसमें कोई संदेह नहीं. पर हमें इस तथ्य को नहीं भुला देना चाहिए कि मातृभाषा के प्रति जितना हमारा आकषर्ण होता है, उतना ही आकषर्ण दूसरों को अपनी मातृभाषा के प्रति होता है। इसलिए भाषाई अभिनिवेश में फंसना कैसे तर्कसंगत हो सकता है? हमारे पूर्वाचर्यों ने एकता की सर्वोत्तम कसौटी प्रस्तुत की थी। वह है- जो तुम्हारे लिए प्रतिकूल है, वह तुम दूसरों के लिए मत करो। हमारा भाषाई प्रेम उस सीमा तक ही होना चाहिए जहां दूसरों के भाषाई प्रेम से उसकी टक्कर न हो। हर प्रांत का अपना भाषाई प्रेम है। उनके पारस्परिक संपर्क के लिए एक जैसी भाषा भी अपेक्षित होती है, जो उनके प्रेम को अक्षुण्ण रखते हुए एक-दूसरे को मिला सके। वह राष्ट्रीय भाषा होती है। प्रांतीय भाषा के प्रेम को इतना उभार देना कैसे उचित हो सकता है, जिससे प्रांतीय और राष्ट्रीय भाषाओं में परस्पर टकराहट पैदा हो जाए। राष्ट्रीय एकता के लिए इस विषय पर गंभीर चिंतन आवश्यक है। भाषा की समस्या को मैं सामयिक समस्या मानता हूं। इस समस्या को कभी-कभी उभार दिया जाता है और यह राष्ट्रीय एकता के लिए चुनौती बन जाती है। फिर भी इसमें स्थायित्व नहीं है। इसके आकषर्ण की एक सीमा है। यह लंबे समय तक जनता को आकृष्ट किए नहीं रख सकती। आर्थिक-सामाजिक वैषम्य तथा जातीय और सांप्रदायिक वैमनस्य राष्ट्रीय एकता की स्थाई समस्याएं हैं। इनका समाधान हुए बिना राष्ट्रीय एकता का आधार मजबूत नहीं हो सकता।

# रुल्स आफ लॉ और रुल्स बाय लॉ

**सनत कुमार जैन**

भारत में संवैधानिक व्यवस्था है। संविधान के अनुसार मौलिक अधिकारों को संरक्षित करते हुए विधायिका को कानून बनाने के अधिकार दिए गए है। विधायिका बहुमत के बल में संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकारों को सीमित एवं खत्म करने का कोई कानून बनाती है। ऐसे कानूनों को रद्द करने की शक्तियां न्यायपालिका को संविधान दी है। भारत के संविधान निर्माताओं ने संविधान बनाते समय अंग्रेजों के बनाए कानूनों की प्रताणना का दुःख भोगा था। इसलिए उन्होंने नागरिकों के मौलिक अधिकारों को परिभाषित करके विधायिका की कानून बनाने की शक्तियों को सीमित करते हुए सरकारों द्वारा रुल्स आफ लॉ से आम जनता के अधिकारों को संरक्षित रखने का प्रावधान किया था। 1972 में अत्यावश्यक वस्तु अधिनियम अधिनियम के अंतर्गत पहली बार मीसा का कानून लागू किया गया था। इस कानून में न्यायपालिका की शक्तियों को सीमित करते हुए मीसा बन्दियों के मौलिक अधिकार खत्म करने का प्रयास किया गया था। म.प्र हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता आरएस डबीर ने अतिआवश्यक वस्तु अधिनियम 1972 के प्रावधान को चुनौती दी। म.प्र हाईकोर्ट की संवैधानिक पीठ ने सुनवाई करने से इंकार किया था। उस समय वरिष्ठ अधिवक्ता आरएस डबीर ने संवैधानिक पीठ के सामने संविधान के मौलिक अधिकारों को लेकर बहस की। श्री डबीर ने यहां तक कहा था कि कानून, नियम एवं प्रशासनिक आदेशों के माध्यम से निजी मौलिक स्वतंत्रता बाधित होती है। तो न्यायपालिका की जिम्मेदारी है वह उन्हें निरस्त करे। जिस फरियादी के मुकदमे में वह मीसा कानूनों के खिलाफ खड़े हुए थे। सरकार को उन फरियादियों को एक माह के अंदर छोड़ना पड़ा। चूंकि सरकार ने उन्हें बिना शर्त के छोड़ दिया था। अतः न्यायपालिका ने यह कहते हुए कि फरियादी ने जो याचिका लगाई थी। सरकार ने उन्हें छोड़ दिया है। अतः इसका विस्तृत निर्णय पीठ ने नहीं दिया था। रुल्स आफ लॉ में भारतीय संविधान की मूल भावना और



नागरिकों के मौलिक अधिकारों से छेड़छाड़ करने का कोई भी अधिकार विधायिका को नहीं दिया गया है। बहुमत के आधार पर भी ऐसा कोई कानून नहीं बनाया जा सकता है। जो नागरिक अधिकारों का हनन करने वाला हो। 1975 में जब आपातकार लगा था, तब के सारे विपक्षी दल संविधान की दुहाई देते हैं। उस समय के पीड़ित जब सत्ता में आए तो वह भी इंदिरा गांधी के आपातकाल और अंग्रेजों के बनाए कानून और नियमों का उपयोग उसी तरह अथवा उससे ज्यादा मात्रा में अब कानूनों के माध्यम से नागरिक अधिकारों का हनन कर राजशाही व्यवस्था की तरह कानूनों की आड़ में नागरिकों को प्रताणित करने का काम कर रहे हैं।

पिछले वर्षों की गठबंधन सरकारों के कारण राजनैतिक अस्थिरता बढ़ी थी। मंडल-कमंडल ने भारतीय नागरिकों को कई हिस्सों में बांटने का काम लिया। पिछले 30 वर्षों में भ्रष्टाचार की गंगोत्री में लगभग सभी राजनैतिक दलों के नेता डुबकी लगाकर करोड़पति अरबपति और खरबपति बन गए हैं। 1977 तक भारत में कांग्रेस की सरकारें थी। उनमें जो बुराइयां पनप रही थी, वह 1990 के बाद से यह बुराइयां सभी राजनैतिक दलों में फैल गई है। सत्ता के सुख और अधिकार ने उनकी नैतिकता और जिम्मेदारियों को खत्म कर दिया है। पिछले 35 से उप्र में कांग्रेस की सत्ता नहीं है। पिछले 15 से 20 सालों से कई राज्यों में कांग्रेस की सत्ता नहीं है। गैर कांग्रेसी सरकारों के क्रिया कलापों एवं भ्रष्टाचार का ठीकरा आज भी कांग्रेस के ऊपर फोड़ दिया जाता है। सत्ता का मद बिना किसी भेदभाव के सभी राजनैतिक दलों के नेताओं में समान रूप से दिख रहा है। सत्ताधारियों ने धर्म एवं समाज के ठेकेदारों में भी सत्ता रूपी शराब का सेवन कराकर उन्हें भी मदमस्त कर दिया है। पिछले वर्षों में सत्ता में जो भी राजनैतिक दल रहा। उसने संवैधानिक संस्थाओं के उच्च पदों में बैठे लोगों को सत्ता के नशे अथवा सत्ता के आतंक के बल पर उन्हें मनमाने ढंग से नचाने का काम शुरु किया था। जिसके चलते अब संवैधानिक संस्थाओं के साथ-साथ नयपालिका भी सत्ताधारियों के इशारे पर काम करती नजर आ रही है।

# कहो तो कह दूँ: असली अभिनय सम्राट तो अभिनेता नहीं, देश के नेता हैं हुजूर

### सूडोकु नवताल- 5818

✱ ✡ ✡ ✡ ✡ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -5817 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

**चैतन्य भट्ट**

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कांग्रेस नेता कमलनाथ जी ने अपने वर्तमान मुख्यमंत्री पूरे प्रदेश के मामा बने शिवराज सिंह पर टिप्पणी करते हुए उन्हें सलाह दी है कि वे मुंबई चले जाएँ क्योकि वे ÷सुपर क्लास एक्टर÷ हैं द्य वैसे कमलनाथ जी ने बात तो सौ टका टंच कही है लेकिन इसमें अकेले शिवराज सिंह ही क्यों ये सोचने वाली बात है, अपना मानना तो ये है कि अभिनेता और अभिनेत्री बनने के इच्छुक लड़के लड़कियों के लिए पूना फिल्म इंस्टीटयूट खुला है और भी कई एक्टिंग सिखाने वाले स्कूल भी मुंबई में चल रहे है जंहा नवोदित अभिनेताओं और अभिनेत्रियों को एक्टिंग के गुर सिखाये जाते हैं, लेकिन इस देश के नेताओं के लिए ऐसा कोई स्कूल नहीं है वे अपनी पार्टी में ही रहकर अभिनय की तमाम बारीकियां और उसके तमाम गुर सीख लेते हैं, यदि सत्ता में आ गए तो उनका अभिनय अपनी पूरी ऊँचाइयों पर पंहुच जाए है , कँहा हँसना है, कँहा मगरमच्छ के आंसू बहाना है, कँहा करुणा दिखाना है, कँहा किसको गले लगाना है, कँहा कौन सा डायलॉग बोलना है, कब आँखें तरेर कर जनता के सामने अफसरों को हुक्म देना है, कँहा अपने आप को ÷दया का सागर÷ बताना है, कब विधान सभा में एक दूसरे पर आग बबूला होना है और शाम होते होते ÷भुट्टा पार्टी÷ करना है ये सब उन्हें खुद ब खुद आ जाता है, उन्हें किसी इंस्टीट्यूट या किसी एक्टिंग सिखाने वाले स्कूल में जाने की जरूरत नहीं होती द्य एक बार जो नेता गिरी में आ गया समझ लो



अभिनय उसकी रग रग में खुद पैबस्त हो जाता है, वैसे भी इस देश की जनता बेहद भोली भाली है वो इनके अभिनय को समझ नहीं पाती और ताली बजाने लगती है उसको लगता है कि इनसे बड़ा खैरख्वाह इस दुनिया में उसका और कोई नहीं है, और नेता जब घर पंहुचता है तो पेट पकड़ कर घंटो हँसता है कि आज की उसकी एक्टिंग पूरी तरह से सफल रही, कैसा बेबकूफ बनाया जनता को द्य कमलनाथ जी का किसी एक नेता पर ऊँगली उठाना ठीक नहीं है आप भी तो उसी में शामिल हो जब सत्ता में थे तब अलग तरह का अभिनय करते थे अब विपक्ष में हो तो एक्टिंग बदल गयी है, डायलॉग बदल गए हैं, स्क्रिप्ट बदल गयी है द्य अपना सोचना तो ये है कि ये फिल्म फेयर वाले बेवजह बेस्ट एक्टर, बेस्ट एक्ट्रेस, बेस्ट डायरेक्टर का चुनाव करके उन्हें पुरूस्कार देते हैं एक बार राजनीति में आकर देखो ऐसे ऐसे अभिनेता अभिनेत्री मिल जाएंगे कि चुनाव करना कठिन हो जाएगा कि इनमें से किसको चुनें क्योकि हर नेता की एक्टिंग एक से बढ़ कर एक होती है द्य ये ÷अभिनय सम्राट÷ की जो पदवी दिलीप कुमार, राजकुमार, मनोज कुमार, राजेंद्र कुमार, अमिताभ बच्चन को मिली है न उनसे छीन कर इन नेताओ को दे देना चाहिए द्य अपना तो मानना है कि फ़िल्मी दुनिया का सबसे बड़ा दादा साहेब फाल्के पुरुस्कार भी इन नेताओ के नाम कर देना चाहिए क्योकि जो एक बार राजनीति में आ जाता है वो मरते दम तक राजनीति में रहकर जनता की सेवा करता है, और इस दौरान उसे कितना अभिनय करना पड़ता होगा ये तो सोचिये इसलिए वो इस पुरूस्कार का हकदार बनता है इसमें कोई शक।

**ये क्या कह दिया मामाजी आपने:** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कई बार बड़ी गजब की बात कह देते हैं द्यअभी सत्ता और संघठन की हुई बैठक में उन्होंने अपने मंत्रियों से साफ़ साफ कह दिया कि अब समय आ गया है कि मंत्री गण स्वागत सत्कार से दूर रह कर केवल जनता के लिए काम करें , अब आप ही बताओ कि इतनी मेहनत और जोड़ तोड़ करके कोई मंत्री क्या सिर्फ जनता के कामों के लिए बनता है, अरे भाई मंत्री जैसे ही सुबह बिस्तर से उठता है उसे अपने बंगले पर दुखियारों की भीड़ न दिखे तो उसका बिस्तर छोड़ने का मन ही नहीं होता , जब दौरे पर कंही जाता है और यदि जय जयकार करने वाले, फूलमालाएं पहनाने वाले नहीं दिखते तो उसका मन घबराने लगता है, ब्लड प्रेशर ऊपर नीचे होने लगता है, आँखों के सामने अँधेरा सा छाने लगता है।

### अंकिता जैन अवनी की कविता

## वो पुरुष है

÷वो पुरुष है÷  
वो पुरुष है  
उसे ये समझा दिया गया है,  
उम्र अभी छोटी है,  
पर जिम्मेदार बना दिया गया है।  
वो बाजार का सारा काम करता है,  
भारी-भारी सामानों को पकड़ता है।  
घर पर देर से आए  
तो आवारा करार दिया जाता है,  
और अगर ज्यादा समय घर पर बिताएं,  
तो निकम्मा बता दिया जाता है।  
वो पुरुष है  
इसलिए आंसू नहीं बहा सकता,  
वो पुरुष है  
परिवार से अलग मन की नहीं चला सकता।  
वो पुरुष है  
उसे पत्नी, बच्चे और बुजुर्ग माता-पिता की जिम्मेदारी उठाना है,  
वो पुरुष है  
उसे सबकी भावनाएं समझना है  
और अपनी छिपाना है।  
वो पुरुष है  
वो क्या जाने प्रेम को,  
वो पुरुष है  
प्राथमिकता देता अपने अहम को।  
वो पुरुष है  
तो कितने इल्जाम उसके सिर डाल देते हो,  
वो पुरुष है  
बस इसी बात की तो सजा देते हो।  
कभी समय मिले तो ज़रा सोचना,  
पुरुष को पुरुष नहीं,  
केवल एक इंसान समझना।  
यकीन रखो,  
तुम्हें तब एक मासूम बच्चा दिखेगा,  
और उसके पास एक टूटा दिल मिलेगा।  
न जाने कितनी बार,  
हालातों से समझौता  
उसने किया है,  
वो पुरुष मनमानी के लिए प्रसिद्ध है,  
पर सच कहूं,  
न जाने कितनी बार  
वो मन मारकर जिया है।  
वो पुरुष है  
केवल इस आधार पर उसका  
आंकलन मत लगाओ,  
वो इंसान भी है,  
उसके हृदय में भी कुछ चुभन है,  
अगर समझ सको तो बस उसे  
समझ जाओ।



# महेश बाबू और पत्नी नम्रता ने खास अंदाज में दी एक-दूसरे को शादी की सालगिरह की बधाई



साउथ सुपरस्टार महेश बाबू और अभिनेत्री नम्रता शिरोडकर ने खास अंदाज में दी एक -दूसरे को शादी की सालगिरह की बधाई साउथ फिल्मों के सुपरस्टार और अभिनेत्री नम्रता शिरोडकर के लिए आज का दिन बहुत खास है। दोनों आज अपनी शादी की 16 वीं सालगिरह मना रहे हैं। इस खास मौके पर दोनों ने एक दूसरे को खास अंदाज में शादी की सालगिरह की बधाई दी है। महेश बाबू ने इंस्टाग्राम पर एक अपनी और नम्रता की एक प्यारी सी तस्वीर को साझा करते हुए लिखा-'16वीं सालगिरह मुबारक हो। हमारा प्यार हमेशा-हमेशा के लिए है।' वहीं नम्रता ने भी इंस्टाग्राम पर एक रोमांटिक तस्वीर शेयर करते हुए महेश बाबू को शादी की सालगिरह की बधाई दी है। इसके साथ ही नम्रता ने महेश बाबू के लिए एक प्यार भरा नोट भी लिखा है। नम्रता ने लिखा-'ये 16 साल कैसे गुजर गए पता ही नहीं चला। सफल शादी की इस रेसिपी में थोड़ा सा प्यार, थोड़ा सा भरोसा और खूब सारे इमोशंस हैं। हम ऐसे ही हमेशा साथ रहें। 16वीं सालगिरह की शुभकामनाएं महेश... मैं तुमसे बहुत प्यार करती हूं।' सोशल मीडिया पर नम्रता और महेश के इस पोस्ट को फैंस पसंद कर रहे हैं और उन्हें शादी की सालगिरह की बधाई भी दे रहे हैं। साउथ सुपरस्टार और नम्रता शिरोडकर की जोड़ी फैंस की बीच काफी मशहूर है और फैंस के बीच रील लाइफ से रियल लाइफ तक ये जोड़ी काफी पसंद की जाती है। दोनों की लव स्टोरी किसी फिल्मी लव स्टोरी से कम नहीं। नम्रता शिरोडकर ने साल 1998 में आई सलमान खान और ट्विंकल खन्ना की फिल्म जब प्यार किसी से होता है में एक छोटी सी भूमिका के साथ बॉलीवुड में कदम रखा था। बतौर मुख्य अभिनेत्री बॉलीवुड में नम्रता की पहली फिल्म थी मेरे दो अनमोल रतन इस फिल्म में नम्रता के अभिनय को दर्शकों ने पसंद किया और इस फिल्म के बाद नम्रता कई फिल्मों में नजर आई ।इस दौरान उन्हें साल 2000 में तेलुगु फिल्म वामसी में मुख्य भूमिका निभाने का मौका मिला। इस फिल्म में उनके अपोजिट नजर आये साउथ सुपरस्टार महेश बाबू। नम्रता पहली बार किसी तेलुगु फिल्म में काम कर रही थी। फिल्म 'वामसी' के सेट पर नम्रता और महेश बाबू की मुलाकात हुई। फिल्म की शूटिंग के दौरान दोनों में प्यार हो गया और 4 साल तक दोनों ने एक-दूसरे को डेट करने के बाद शादी का फैसला लिया और 10 फरवरी, 2005 को परिवार की सहमति से दोनों शादी के बंधन में बंध गए। नम्रता शिरोडकर और महेश बाबू के दो बच्चे बेटा गौतम और बेटी सितारा हैं। शादी के बाद नम्रता ने फिल्मों से किनारा कर लिया। जबकि महेश बाबू की गिनती साउथ फिल्मों के टॉप अभिनेताओं में होती हैं। नम्रता शिरोडकर आज भले ही फिल्मी दुनिया से दूर है,लेकिन सोशल मीडिया के जरिये वह अक्सर अपने फैंस के साथ जुड़ी रहती हैं। वहीं महेश बाबू अभिनय जगत के साथ-साथ सोशल मीडिया पर भी सक्रिय रहते हैं।

## हां, मैं नाइटी क्वीन हूं: अर्शी खान

बिग बॉस 14 से निकाली गई प्रतियोगी अर्शी खान अपने अजीब ड्रेसिंग सेंस को लेकर इस सीजन में आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। वह ज्यादातर समय घर में नाइटवियर पहने हुए दिखाई देती थीं। इतना ही नहीं



उनके इस ड्रेसिंग सेंस के कारण यदि उन्हें नाइटी क्वीन नाम दिया जाए तो वह परवाह नहीं करेंगी। उनके ऐसे ड्रेस और स्मोकी आई मेकअप के कारण कई तरह की बातें भी हुई लेकिन अर्शी इन चीजों को लेकर परेशान नहीं हैं। उन्होंने कहा, दरअसल, मैं अपनी नाइटीज में बहुत कंफर्टेबल महसूस करती हूं। इतना ही वह सलमान खान के साथ वीकेंड का वार एपिसोड के दौरान भी ऐसी ही ड्रेस पहनना चाहती थीं। उन्होंने कहा, मैं वीकेंड का वार एपिसोड में एक बार नाइट वियर ही पहनना चाहती थी, लेकिन राहुल वैद्य और एली गोनी ने मुझे रोक दिया। मैं बस उनमें सहज महसूस करती हूं। हां, मैं नाइटी क्वीन हूं और मैं इसे प्यार करती हूं। अर्शी अब बिग बॉस के घर से बाहर हो चुकी हैं और फिलहाल गोवा में छुट्टियां मना रही हैं लेकिन वे खुद को घर से बाहर निकाले जाने के कारण परेशान हैं। इसे लेकर उन्होंने कहा, मैं कुछ भी समझ नहीं पा रही हूं। मैं सदमे में हूं और मुझे अजीब लग रहा है। निश्चित रूप से मैं परेशान हूं। मैं कुछ भी नहीं कर सकती। मैंने बहुत कोशिश की थी।

## कृति ने फिल्म बच्चन पांडे को दी फाइनल टच

बॉलीवुड अभिनेत्री कृति सैनन ने अपनी आगामी फिल्म के सेट से अक्षय कुमार-स्टारर फिल्म बच्चन पांडे की सेट से बिहाइंड द सीन पोस्ट



की। कृति ने इंस्टाग्राम पर एक ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर शेयर की, जहां वह शीशे के सामने खुद को संवारती नजर आ रही हैं। उन्होंने शेयर तस्वीर को कैप्शन देते हुए लिखा, फाइनल टच। एक्शन के कुछ क्षण पहले। जहां मैं अभी भी खुद को बीट तर रही हूं, वहीं मायरा रो भी बीट कर रही। अभिनेत्री कृति सैनन और जैकलीन फर्नांडीज के साथ अक्षय ने हाल ही में जैसलमेर में फिल्म की शूटिंग शुरू की। मार्च तक शूट जारी रहेगा। टीम को गडीसर झील और जयसालकोट जैसी जगहों पर शूटिंग करने की उम्मीद है। फरहाद सामजी के निर्देशन में अक्षय ने एक गैंगस्टर की भूमिका निभाई, जो एक अभिनेता बनने की इच्छा रखता है, जबकि कृति एक पत्रकार की भूमिका निभाती है, जो निर्देशक बनने की इच्छा रखती है। फिल्म में अरशद वारसी भी नायक के दोस्त के रूप में हैं।

# सच्चे प्यार की तलाश में कई गलतियां कीं : सोमी अली



नब्बे के दशक में बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान संग रिलेशनशिप में रहने को लेकर काफी सूर्खियां बटोर चुकीं पाकिस्तान में जन्मीं अभिनेत्री सोमी अली का कहना है कि बॉलीवुड में उनका सफर काफी छोटा रहा है और वह इस बात को मानती है कि प्यार के चलते उन्होंने कई ऐसे फैसले लिए हैं, जिन्हें अब वह अपनी गलती मानती हैं। फिलहाल मयामी में रहने वाली अभिनेत्री ने आगे कहा कि उन्हें कभी ऐसा नहीं लगा कि वह एक्टिंग की दुनिया में फिट हो सकती है। सन 1991 में मुंबई पहुंची सोमी ने 1999 में ही भारत छोड़ दिया था। इसके बाद उन्होंने नो मोर टियर्स के नाम से अपने एक एनजीओ की शुरुआत की, जिसमें घरेलू हिंसा का शिकार हो रहीं महिलाओं को बचाने का काम किया जाता है। सोमी ने बताया, मैं बेशक खुद को एक बहुत बड़ी बॉलीवुड स्टार नहीं कहूंगी। मेरे इस सफर की शुरुआत खुशकिस्मती से हुई थी। जब मैं मुंबई आई थी, तब मैं एक टीनएजर थी और मुझे अब भी इस बात से हैरानी होती है कैसे मैंने बड़े-बड़े स्टार्स संग 10 फिल्में कर डाली, जबकि एक्टिंग में अपना करियर बनाने का मेरा कोई इरादा ही नहीं था। बस यही कहूंगी कि उस वक्त मैं काफी भोली थी, आसानी से लोगों की बातों में आ जाती थी, बचपना था मेरे अंदर। जब कोई इंसान मेरे प्रति वफादार रहने की बात करता था, तो मैं आसानी से उसके झांसे में आ जाती थी। सोमी अंत (1994), यार गद्दार (1994), आओ प्यार करें (1994), आंदोलन (1995) और चुप (1997) जैसी कुछ और फिल्मों का हिस्सा रही हैं। सोमी ने आगे कहा, सच्चे प्यार की तलाश में मैंने कई गलतियां की है, जो कि मुझे कभी मिला ही नहीं। अच्छी बात यह है कि मुझे इसका कोई पछतावा नहीं है क्योंकि मैंने चीजें अपने मन मुताबिक की है, नतीजा चाहे कुछ भी क्यों न हो और मुझे कभी किसी लेबल की भी फिक्र नहीं रही थी। मैं बोल्ड थी, लेकिन भोली भी थी। मैं समझदार थी, लेकिन फिर भी खुद को किसी ऐसी परिस्थिति में लाकर खड़ा कर देती थी, जो कि बचपना की हद होती थी। कुल मिलाकर 16 से 24 साल तक का मेरा सफर जिंदादिली से लबरेज, कुछ दर्दभरी, तमाम ऊंच-नीच से भरपूर रहा है। साल 1999 के दिसंबर में अपने रिलेशनशिप को खत्म कर मैं वापस आ गई, जिसके लिए ही मैं इंडिया गई थी।

# एक बार फिर बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने आ रहे आमिर खान और माधुरी दीक्षित, फिल्म दिल का बनेगा रीमेक

बॉलीवुड में कॉमेडी फिल्मों के मशहूर डायेक्टर इंद्र कुमार इन दिनों फिल्म थैंक गॉड की शूटिंग में बिजी हैं। इस फिल्म में अजय देवगन, सिद्धार्थ मल्होत्रा और रकुल प्रीत सिंह अहम् किरदार में है। अब खबर आ रही है कि इंद्र कुमार सुपरहिट फिल्म दिल के रीमेक को डायरेक्ट करेंगे।

खबरों के मुताबिक, इंद्र कुमार ने भूषण कुमार के साथ तीन फिल्मों को लेकर डील साइन की है। ये फिल्में अगले तीन सालों में रिलीज होंगी।

सूत्रों ने बताया कि भूषण कुमार थैंक गॉड के बाद दो और फिल्में डायरेक्ट करेंगे। अगर सबकुछ ठीक रहा तो इंद्र कुमार, आमिर खान और माधुरी दीक्षित की दिल मूवी के रीमेक को निर्देशन करेंगे। दिल के स्क्रीनप्ले पर काम चल रहा है। इसकी कहानी को मॉर्डन बनाया जा रहा है। बता दें कि फिल्म दिल साल 1990 में रिलीज हुई थी। इसमें





आमिर खान और माधुरी दीक्षित की जोड़ी को बहुत पसंद किया गया था। इस फिल्म के निर्देशन से इंद्र कुमार ने डायरेक्टोरियल डेब्यू किया था। फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था। आमिर खान इन दिनों अपनी नई फिल्म लाल सिंह चड्ढा को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में आमिर के साथ करीना कपूर लीड रोल हैं। यह फिल्म इस साल क्रिसमस के मौके पर रिलीज होगी। फिल्म का निर्देशन सीक्रेट सुपरस्टार फेम डायरेक्टर अद्वैत चंदन कर रहे हैं।

## भ्रष्ट नेता के किरदार में नजर आएंगे अभिषेक बच्चन, जल्द शुरू करेंगे शूटिंग



बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन के पास इन दिनों कई फिल्मों के प्रोजेक्ट है। अब खबर हैं कि वह एक फिल्म में मुख्यमंत्री का किरदार निभाएंगे। जो एक भ्रष्ट नेता होगा। उनकी इस नई फिल्म का नाम दसवीं बताया जा रहा है जिसका निर्देशन तुषार जलोटा कर रहे हैं। फिल्म पूरी तरह से राजनीति के इर्द-गिर्द घूमने वाली है, लेकिन गंभीरता की जगह इसमें एंटरटेनमेंट का तड़का लगाया जाएगा। खबरों के मुताबिक, इस फिल्म में अभिषेक बच्चन मुख्यमंत्री बनने वाले हैं। वे दसवीं फेल सीएम का रोल अदा करने जा रहे हैं। फिल्म के जरिए शिक्षा के महत्व पर जोर दिया जाएगा। वहीं फिल्म के जरिए ये भी संदेश दिया जाएगा कि नेताओं का भी पढ़ा-लिखा होना काफी जरूरी है। फिल्म की शूटिंग आगरा से लेकर दिल्ली तक कई जगहों पर होनी है। इस फिल्म में अभिषेक बच्चन के अपोजिट यामी गौतम नजर आएगी। यामी के अलावा निम्रत कौर भी एक अहम रोल निभाती दिखने वाली हैं। अभी के लिए दोनों के ही किरदारों को लेकर सस्पेंस है। खबरों की माने तो अभिषेक बच्चन 22 फरवरी से दसवीं की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। वे लंबे समय से मेकर्स संग चर्चा कर रहे हैं और उन्हें फिल्म की कहानी भी काफी पसंद आ गई है। इसके अलावा अभिषेक जल्द ही फिल्म बॉब बिस्वास में नजर आएंगे।

# चेहरे की बनावट के अनुसार करें सनग्लासेस का चुनाव, मिलेगा शानदार लुक



अब धीरे धीरे मौसम में बदलाव होने जा रहा हैं। अर्थार्थ कुछ दिनों बाद गर्मियों का सीजन आ जायेगा यानी धूप से आंखों को बचाने के लिए सनग्लासेस खरीदने का वक्त आ गया है।सनग्लास पहनने से ना केवल आंखों का बचाव होता है बल्कि दमदार, शानदार लुक भी मिलता है। स्टाइल, कम्फर्ट और एटीट्यूड का जबरदस्त कॉम्बिनेशन है सनग्लासेस यानि धूप के चश्मे। यदि आप इस समर नए सनग्लासेस खरीदने का मन बना रहे हैं तो हम आपके लिए लाए हैं बेहद काम के टिप्स जिससे आप अपने फेस शेप के मुताबिक परफेक्ट फ्रेम चुन सकते हैं।

### राउंड फेस

यदि आपके चेहरे की बनावट राउंड यानी गोल है, तो आपको इस तरह के गॉगल्स लगाने चाहिए।ओवरसाइज़ गॉगल्स आपके उभरे हुए चीक्स को कवर करके आपको अट्रैक्टिव लुक देता है।स्क्वैर सनग्लास का शार्प एज और स्ट्रेट लाइन भी आपको अलग अंदाज़ देता है।इसी के साथ स्टाइलिश लुक के लिए वेफरर हमेशा से ट्रेंड में है. गोल चेहरे पर ये बहुत ही सुंदर दिखता है।

### डायमंड शेप

डायमंड शेप फेस ऐसे फेसेस होते हैं, जो आमतौर पर आई लाइन और जॉलाइन पर नैरो होते हैं। ऐसे फेसेस के चीकबोन्स काफी ब्रॉड होते हैं। दुनिया में डायमंड शेप के फेस वाले लोग बहुत कम हैं। इस फेसशेप के लोगों को अपनी आंखों वाले हिस्से को चौड़ा पर चेहरे की तुलना में आंखों के एिरया को बैलेंस करना होता है। इनके लिए टॉप हैवी फ्रेम जैसे सेमी रिमलेस फ्रेम एकदम परफेक्ट होते हैं।

### स्क्वेयर फेस

स्क्वेयर फेस पर बड़ी फ्रेम और राउंड फ्रेम के ग्लासेस सूट करते हैं।इस समर इस फेस शेप के लोग अपने लिए बड़ी फ्रेम के ग्लास, ऐवीएटर्स, कलर्ड फ्रेम ग्लास, फ्रेमलेस ग्लास, कैट आइज ग्लास और ऐवीएटर्स चुन सकते हैं।

### ओवल फेस

ओवल फेस वाले लोगों को बड़े फ्रेम के ग्लासेज़ से परहेज करना चाहिए, क्योंकि ये आपकी खूबसूरती को पूरी तरह से खा जाएंगे। ऐसे चेहरे वाले लोगों पर रेक्टंगुलर, ओवल, राउंड-बटरफ्लाई फ्रेम के सनग्लासेज़ में काफी स्टाइलिश दिखते हैं। इस तरह के ग्लासेस को आप अपनी पसंद और स्किन टोन के हिसाब से चुन सकती हैं।

### लंबे और आयताकार चेहरे के लिए

फ्रेम का चुनाव करते समय आपको अपने चेहरे के आकार पर भी ध्यान देना चाहिए। लंबे और आयताकार चेहरे पर एविएटर शेप अच्छा लगता है। चूंकि ऐसे चेहरे चौड़े होते हैं, इसलिए एविएटर फ्रेम लंबे चेहरे को छोटा और विस्तृत बनाते हैं। इस आकार के चेहरे वाले लोगों को आयताकार सनग्लासेज पहनने से बचना चाहिए, क्योंकि इससे आपका चेहरा अधिक लंबा नजर आता है।

## आप नहीं जानते होंगे, काले अंगूर के ये 5 लाभ



फल चाहे कोई भी हो, उससे हमें कुछ न कुछ लाभ जरूर होता है. ऐसे में अगर बात अंगूर की करें तो यह सभी का पसंदीदा फल होता है। वर्तमान समय में अंगूर का सेवन सभी को बहुत पसंद है, लेकिन अंगूर के सेवन से इसके फायदे शायद ही लोगों को पता हो। काले अंगूरों के नियमित रूप से सेवन करने से कई गंभीर बिमारीयों को भी खत्म किया जा सकता है। आज हम आपको कुछ ऐसे ही फायदों के बारें में बता रहे है।

अंगूर की कई तरह की अलग अलग प्रजातियां होती है। जो हमारी सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होती है। अंगूर में फाइबर, विटामिन, कैलोरी होती हैं जिसके प्रतिदिन सेवन से पेट से जुड़ी समस्याओं खत्म हो जाती है।एक शोध में यह बात सामने आई है अंगूर को खाने से कैंसर के होने का खतरा भी कम हो जाता है। अंगूर से डायबिटीज की गंभीर समस्या से छुटकारा मिल सकता है। इसके अलावा शुगर लेवल को भी पूर्णत: नियंत्रित किया जा सकता है। अगर आपके घर में कोई हाई ब्लड प्रेशर से ग्रस्त है तो उनके लिए अंगूर का सेवन रामबाण साबित होगा। अंगूर खाने से ब्लड प्रेशर कट्रोल रहता है। हाई ब्लड प्रेशर वाले हफ्ते में तीन से चार दिन अंगूर का सेवन करें, इससे उन्हें फायदा मिलेगा। माइग्रेन से ज्यादातर व्यक्ति परेशान रहता हैं। माइग्रेन की समस्या होने पर खाली पेट में अंगूर का रस पीने से काफी हद तक इस गंभीर समस्या से छुटकारा मिल सकता है। इसके अलावा काले अगूंर के सेवन से चेहरे पर निखार भी आता है और शरीर में खून भी बनता है।




# नवनियुक्त किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री राजेंद्र सिंह गुर्जर जी का प्रथम नगर आगमन पर हुआ जोरदार व भव्य स्वागत

**संतोष सिंह भदोरिया , पुष्पांजली टुडे न्यूज़**

9179661562

गोरमी। अभी हाल ही में घोषित भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी में प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए गए राजेंद्र सिंह गुर्जर के प्रथम गोरमी आगमन पर नगर की सीमा से लेकर सभा स्थल तक जगह जगह लोगों ने तुला दान के साथ जोरदार स्वागत किया भारतीय जनता पार्टी एबम गुर्जर महासभा के कार्यकर्ताओं ने पूरे नगर को होल्डिंग से पाट दिया था नगर में मुख्य रूप से भाजपा नेता गरीव सिंह यादव की मार्केट पर पटेल कॉलेज के संचालक कुशलपाल सिंह गुर्जर के आवास पर भाजपा नेता जय सिंह गुर्जर रामवीर गुर्जर एबम अन्य गुर्जर समाज एबम भाजपा नेताओं ने तुलादान के साथ जोरदार स्वागत हुआ। स्वागत के उपरांत नगर के पोरसा रोड स्थित साई राज मैरिज गार्डन में एक विशाल धन्यवाद सभा का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित थे सभा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह गुर्जर के साथ साथ भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर मध्यप्रदेश सरकार में राज्यमंत्री ओ पी एस भदौरिया पूर्व जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष केपी सिंह भदौरिया प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य देवेंद्र सिंह नरवरिया रमेश दुबे समाजसेवी अशोक भारद्वाज रजनी श्रीवास्तव एवं मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक गजेंद्र सिंह भदौरिया राजवीर गुर्जर जेल सिंह नरवरिया एवं पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता मंच पर उपस्थित थे कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी अतिथियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको नमन किया कार्यक्रम के प्रारंभ में गोरमी मंडल के अध्यक्ष सुभाष थापक ने प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह गुर्जर एवं उपस्थित अन्य अतिथियों का शाल एवं श्रीफल देकर स्वागत किया इसके बाद पार्टी के जिला अध्यक्ष नाथू सिंह गुर्जर ने स्वागत भाषण दिया ओर सरकार की उपलब्धियो को गिनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया ने भाजपा संगठन को धन्यबाद दिया कि गुर्जर जैसे कर्मठ कार्यकर्ता को मौका दिया ।भदौरिया ने राज्य एबम केंद्र सरकार की गरीव एबम असहाय के लिये अपने खजाने खोल दिये है।इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं से किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा आप सब लोगों ने आज जिस प्रकार ग्वालियर से



लेकर गोरमी नगर तक मेरा जो स्वागत किया है इससे आपने मेरी ऊर्जा को और बढ़ा दिया है आपके इस स्वागत एवं सम्मान के लिए मैं आपका जीवन भर आभारी रहूंगा और पूरी कोशिश करूंगा की पार्टी और कार्यकर्ता के मान सम्मान में मेरी तरफ से कोई कसर बाकी ना रह जाए केंद्र की मोदी सरकार एवं प्रदेश की शिवराज सरकार ने पिछड़ा बर्ग को 27त्न आरक्षण देकर पिछड़े वर्ग का सम्मान बढ़ाया है केंद्र एवं राज्य की की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ आमजन एवं गरीब को कैसे मिले इसके लिए मैं पूरी मेहनत एवं ऊर्जा के साथ काम करूंगा कार्यकर्ता के मान सम्मान में कोई कमी ना रह जाए इसके लिए मैं पूरे प्रयास करूंगा कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री निर्मल आर्य एबम अंत में आभार प्रगट मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुरेन्द जैन दलवीरसिंह तोमर श्रीकृष्ण कटारे अशोक गुर्जर अरविंद वर्मा राजकुमार जैन कौशल तिवारी जय सिंह गुर्जर जयवीर पुरोहित रमन सिंह भदौरिया जगदीश सोनी संतोष सिंह भदौरिया दसरथ गुर्जर सुनीता आर्य रामवीर गुर्जर गरीव सिंह यादव बल्लू यादव सतेंद्र गुर्जर सहित हजारो कार्यकर्ता एबम भाजपा समर्थक मौजूद थे।

**वन-टू-वन**



## प्रतियोगी परीक्षा सफलता के सूत्र विषय पर वेबीनार संपन्न

**राकेश परिहार रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे**

9691338626

पिछोर । शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय पिछोर जिला शिवपुरी के स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ व विश्व बैंक परियोजना के संयुक्त तत्वधान में प्रतियोगी परीक्षाओं पर विद्यार्थियों को मार्गदर्शन हेतु दिनांक 29/08/2021 को दोपहर 12ः00 बजे ऑनलाइन गूगल मीत के माध्यम से कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम का प्रारंभ आयोजन सचिव एवं प्रकोष्ठ प्रभारी डॉक्टर करण सिंह जाटव द्वारा अतिथि वक्ता परिचय एवं सभी का स्वागत अभिवादन द्वारा किया गया तत्पश्चात संस्था के प्राचार्य डॉ केशव सिंह जाटव द्वारा कार्यक्रम सफल आयोजन के लिए आशीर्वचन के रूप में अध्यक्षीय उद्बोधन दिया गया कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए मुख्य वक्ता श्री आलोक प्रताप इटोरिया जनपद सी, ई, ओ, जिला भिंड द्वारा मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सर्विस परीक्षा के सभी स्तरों पर किस रणनीति से सफल हो और विद्यार्थी कैसे प्रशासनिक अधिकारी बन सकते हैं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा विशिष्ट वक्ता के रूप में श्री रवि पटेल (प्रतियोगी परीक्षा विशेषज्ञ) द्वारा एस एस सी व व्यायाम की परीक्षाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की दोनों ही वक्ताओं परिभगियो द्वारा किए गए सवालों के भी आसानी से जवाब दीजिए तथा विद्यार्थियों की विभिन्न संकाओ के समाधान भी किए अंत में कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर अक्षय कुमार जैन द्वारा प्राचार्य अतिथि आयोजक व महा विद्यालय परिवार एवं सभी प्रतिभागियों का हृदय से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया उक्त कार्यक्रम में लगभग 100 विद्यार्थी ने भाग लिया कार्यक्रम का सफल संचालन आयोजन सह सचिव श्री विद्या राम शर्मा जी द्वारा किया गया कार्यक्रम की सफलता पर महाविद्यालय के प्राचार्य जी द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया।

# जन्मदिवस को बनाया यादगार

**पुष्पांजली टुडे**

मध्यप्रदेश शासन के कद्दावर कैबिनेट ऊर्जा मंत्री आदरणीय श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर जी के लाडले पुत्र और माता की आंखों के तारे रिपुदमन सिंह तोमर (सागर) जी को जन्मदिवस के शुभवसर पर





अपने मित्र मंडल के साथ पार्थ रक्त बैंक मे रिपुदमन तोमर जी (सागर) ने स्वयं रक्तदान किया और युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया और ऐसे कार्यक्रम निरन्तर भविष्य में संचालित होते रहेंगे ।

रिपुदमन उर्फ सागर तोमर जी ने जन्म दिवस के शुभ अवसर पर शारदा बाल ग्राम रामकृष्ण मिशन अनाथालय मैं जाकर बच्चों के साथ अपना जन्म दिवस मनाया और फल वितरित किए ।

रक्तदान में सहभागिता रिपुदमन तोमर, ब्रजेश भदौरिया , अजीत(कान्हा ), पवन तोमर, करन ,पिंटू तोमर, अतुल राजावत, मोहित, श्रमवीर राजपूत,विवेक,रणजीत , शक्ति गौर,संजय ,जादौन, राघवेन्द्र जादौन, आदि।

## जिला बदर अभियुक्त को अवैध असलहा कारतूस सहित किया गया गिरफ्तार



**सोनू कुमार माथुर ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे**

एटा । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदयशंकर सिंह के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी अलीगंज राघवेन्द्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में थाना जसरथपुर पुलिस द्वारा एक जिला बदर अभियुक्त को अवैध असलहा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाये जा रहे जिला बदर अभियुक्तो के विरुद्ध अभियान के तहत जिला मजिस्ट्रेट द्वारा 6 माह के लिये किए गए जिला बदर अभियुक्त चन्द्रप्रकाश उर्फ चन्दू पुत्र महावीर सिंह निवासी ग्राम नंगला अचल थाना जसरथपुर को सोमबार को मुखबिर की सूचना पर ग्राम महाखेडा से एक अवैध तमंचा व दो जिंदा कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर थाना स्तर से वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।



## कांग्रेस अध्यक्ष मानसिंह ने दंदरौआ हनुमानजी के दर्शन कर आर्शीवाद लिया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड।आज दंदरौआ में जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाहा ने श्री हनुमानजी के दर्शन कर पूजा अर्चना कर आर्शीवाद लिया। सह भोज कार्यक्रम कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तहसीलदार सिंह गुर्जर द्वारा आयोजित किया गया इस मौके पर पूर्व सरपंच कमलेश सिंह कौरव, निरंजन खा, रामजी लाल शर्मा, नरेंद्र जैन ,वकील सिंह गुर्जर, अजय शर्मा, शिवम कुशवाहा अमर सिंह शाक्य वा आमायन ब्लॉक के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान प्रमुख रूप से साथ में उपस्थित रहे।

# 'जिले को पूर्ण वैक्सीनेट करवाना ही शर्मा जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी : डॉ. अजीत मिश्रा'

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**(आधा सैकड़ा वॉलिंटियर का हुआ सम्मान)**

भिंड(ब्यूरो)। जिला चिकित्सालय स्थित ट्रामा सेंटर के सभागार में डॉ. श्याम बिहारी शर्मा जी की स्मृति में आयोजित ÷कोरोना जागरूकता विचार कुंभ÷ एवं वॉलिंटियर सम्मान के अवसर पर मुख्य अतिथि की आसंदी से बोलते हुए जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजीत मिश्रा ने कहा भिंड जिले का चिकित्सालय पूर्णतः कोरोना महामारी से निपटने के लिए सक्षम है और पहली प्राथमिकता यह है कि हम समस्त जिले वासियों को पूर्णतः टीकाकृत करें। तो यह डॉ श्याम बिहारी शर्मा जी के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

मंच पर कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर रामानंद शर्मा ने की, जबकि मंच



पर आयोजक इंजी. विजय प्रकाश शर्मा के साथ सिविल सर्जन डॉ अनिल गोयल जी विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं जन्माष्टमी के पावन अवसर पर भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा पर अतिथियों ने माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना से किया। स्वागत भाषण एवं कार्यक्रम की रूपरेखा प्रोफेसर रामानंद शर्मा ने प्रस्तुत की, कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर इकवाल अली और आभार इंजी. विजय प्रकाश शर्मा द्वारा किया गया।

सिविल सर्जन डॉ. अनिल गोयल जी ने अपने उद्बोधन में कहा कोरोना के प्रथम दौर में डॉ. श्याम बिहारी शर्मा ने जो सेवा कार्य आरंभ किए उन्हें सतत आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। तथा कोरोना महामारी के लिए सावधानियों को अपनाकर इसकी संभावित तीसरी लहर से बच सकते हैं।

कार्यक्रम के दौरान मिथिलेश चौहान, निशा राजावत, रमन मित्तल, आशा भदौरिया, आभा जैन, प्रेम नारायण बरुआ, बी.पी. त्यागी, हरी बाबू निराला, शैलेश सक्सेना, अंजू जैन, शिव प्रताप सिंह भदोरिया, विपुल सेठ, धीरज श्रीवास्तव, जयेस सिंह कुशवाह, शशिकांत शर्मा, नीरज शर्मा, डॉ देवेश शर्मा, अवधेश शर्मा, रिपुदमन मिश्रा,स्वदेश सिंह भदोरिया, राहुल शर्मा, सोहन तिवारी, गिरीश शर्मा, पवन शुक्ला, हरेंद्र देव शर्मा, हरे कृष्ण शर्मा आदि सहित 50 से अधिक वॉलिंटियर को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## राष्ट्रीय लोधी महासभा एटा ने दी बाबूजी कल्याण सिंह को श्रद्धांजलि



**ब्यरो सोनू कुमार माथुर, पुष्पांजली टुडे**

जनपद एटा में जिला पंचायत कैम्पस में राष्ट्रीय लोधी महासभा के कार्यालय पर राष्ट्रीय लोधी महासभा के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने हिंदू हृदय सम्राट श्री राम मंदिर आंदोलन के महानायक पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व राज्यपाल कल्याण सिंह जी को सच्ची श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर महासभा के जिलाध्यक्ष देवेंद्र कुमार लोधी ने कहा कि बाबूजी आप हमेशा याद रखे जाएंगे। हिंदुत्व कभी आपको भुला नहीं पाएगा। जब भी राम का जिक्र आएगा या राम मंदिर निर्माण का जिक्र आएगा, तो बाबू जी आपका का नाम उसके साथ हमेशा जुड़ा रहेगा। हम आपको बार-बार नमन करते हैं। इस कार्यक्रम में अन्य समाज के लोगों ने भी बाबू जी को श्रद्धांजलि दी।कार्यक्रम में उपस्थित राष्ट्रीय लोधी महासभा के जिला अध्यक्ष देवेंद्र कुमार लोधी एडवोकेट, तहसील अध्यक्ष चंचल कुमार लोधी के साथ ही वीरपाल सिंह ,सत्यम, जितेंद्र कुमार, पंकज कुमार ,डॉक्टर इंदल कुमार, मनोज कुमार, अक्षय कुमार, पप्पू, शेखर कुमार ,राहुल गुप्ता,दीपक पाठक, भुवनेश्वर दयाल आदि मौजूद रहे।

# कुशाभाऊ ठाकरे की जयंती को कार्यकर्ताओं ने सुंदर कांड के पाठ के साथ संगठन पर्व के रूप में मनाया

**संतोष सिंह भदौरिया, पुष्पांजली टुडे**

9179661562

गोरमी। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री कुशाभाऊ ठाकरे की जन्म जयंती को भारतीय जनता पार्टी ने मंडल गोरमी द्वारा संगठन पर्व के रूप में मनाया गया पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा सुबह 9ः00 बजे थाना रोड स्थित टेकरी वाले हनुमान जी मंदिर पर सामूहिक रूप से सुंदरकांड का पाठ दिया इसके बाद भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक के आवास पर ठाकरे जी की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्णकालिक विस्तारक रहे अरविंद वर्मा एवं विशेष अतिथि के रुप में वरिष्ठ नेता जयवीर पुरोहित मौजूद थे कार्यक्रम की



अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने की। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने कुशाभाऊ ठाकरे के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला और कहां कुशाभाऊ ठाकरे जी का जीवन पार्टी एवं समाज के लिए हमेशा समर्पित रहा इसी वजह से आज भाजपा कार्यकर्ता उनकी जन्म जयंती को संगठन पर्व के रूप में मना रहे हैं एवं पूरे देश में उनका जन्म शताब्दी भारतीय जनता पार्टी दुआरा मनाया जा रहा है हमारे लिए बड़े गौरव की बात है कि ऐसे मनीषी जो संगठन एवं समाज के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर गये। ऐसे महान कर्म योगी की हम लोग आज जन्म जयंती मना रहे हैं हम सब कार्यकर्ताओं को उनके बताए मार्ग पर चलना है कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री निर्मल हार ने किया एवं अंत में आभार प्रगट मंडल अध्यक्ष सुभाष थापक ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से मनीष अग्रवाल शिवराज यादव मोनू शर्मा अरविंद जैन राहुल कटारे शिवम भदौरिया आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ट्रक चालक की लापरवाही, सैकड़ों घरों से लाखों का नुक़सान

## मौत के मुंह में जाने से बाल-बाल बचे ग्रामीण

**रितेश कटरे ब्यूरो चीफ, पुष्पांजली टुडे**

बालाघाट जिले में विद्युत मेंटेनेंस के नाम पर घंटों घंटों तक विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के केंद्र के द्वारा विद्युत कटौती की जाती है, और उसका परिणाम भी शुन्य आता है। गांवों के भीतर खंभों की सहायता से बिछे नगें तार आज भी झुले की भांति झुलते नजर आते हैं और इन झूलते तारों से हादसे भी सामने आते हैं लेकिन विद्युत विभाग अपनी जिम्मेदारियों को निभाने में और नाकामियों को छुपाने में कोई कसर नहीं छोड़ते है। और झुलते तार आवागमन में अवरोध उत्पन्न करते हैं। तो वहीं गांवों के अंदर से बड़े वाहन चालक भी अपनी रफ़्तार में संयम ना बरतते हुए तेज गति से वाहन चलाते है। गांव के अंदर तेज गति से वाहन चलाना कितना खतरनाक हो सकता है यह रविवार को तहसील लांजी अंतर्गत ग्राम पंचायत चिखली के ग्रामीणों ने देखा और काफी करीब से महसूस किया कि काल के गाल में समाते-समाते कैसे वे बच पाए है, इसके लिए ग्रामीणों ने उपरवाले को याद किया तो वहीं इस मामले में संबंधित विद्युत विभाग के लोगों के 24 घंटे तक सुध नहीं लेने की बात पर आक्रोश भी व्यक्त किया। चिखली में मां अन्नपूर्णा राईस मिल में जाने के दौरान एक तेज गति ट्रक से विद्युत तार टूटने और उससे पूरे गांव को खतरे में डालने का मामला है जो राजनितिक रंग में भी रंग गया और ग्रामीण खुद को ठगा सा महसूस करने लगे, बहरहाल गनीमत रही कि पुलिस ने ग्रामीणों की शिकायत पर आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली।

### यह था मामला

ग्राम पंचायत चिखली में रविवार 29 अगस्त को दोपहर लगभग 2.30 बजे के दरम्यानी ट्रक क्रमांक एम.एच. 40/एके 7515 का चालक ने ग्राम चिखली आम रोड़ पर अत्यंत तेज गति से लापरवाहीपूर्वक ट्रक चलाते हुए रोड़ पर बिजली के तार से टकराया जिससे बिजली के खंबे में लगे तार एक-दूसरे से टकराने के कारण शार्ट सर्किट होने से अनेक ग्रामीणों के घर के विद्युत मीटर, टीवी, पंखे, कूलर आदि उपकरण जल गए तो वहीं किसानों के खेत में लगी पानी सिंचाई की मोटर आदि भी जलकर खाक हो गए। विशेष उल्लेखनीय है कि 11केवी की विद्युत लाईन के 440 वोल्ट विद्युत लाईन से टकराने के चलते यह हादसा हुआ, जिससे घरो के मीटरों में आग लग गई वह तो गनीमत रही कि हल्की बारिश के कारण घरों में आग नहीं लगी नहीं तो बड़ा हादसा घटित हो जाता।



### आरोपी ट्रक चालक पर दर्ज हुई एफआईआर

मेसर्स सांईबाबा सॉल्वेंट इंडस्ट्री लिमिटेड के मालिकाना हक वाले एलपीटी 1613 बीएस3 वाहन के अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर किया गया है लेकिन इसके लिए भी ग्रामीणों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। वहीं बहेला पुलिस ने आखिरकार चिखली निवासी प्रार्थी महिला शांताबाई व अन्य ग्रामीणों की ओर से दी गई शिकायत के आधार पर आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ अपराध क्रमांक 109/21 के तहत धारा 279, 427 का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### लाईनमेन ने फयूज पर फोड़ा ठिकरा

जहां एक ओर विद्युत विभाग द्वारा प्रतिवर्ष मेंटेनेंस किए जाने का प्रावधान है ताकि किसी भी प्रकार की विद्युत संबंधी दुर्घटनाएं रोकी जा सके लेकिन यहां तो विद्युत विभाग के लाईनमेन द्वारा ग्रामीणों के द्वारा घरो में लगाए जाने वाले फयूज को घटिया दर्जे का बताते हुए ग्रामीणों के सिर पर ही ठिकरा फोड़ दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि 24 घंटे तक विभाग द्वारा कोई सुध नहीं ली गई, वहीं लाईनमेन ने बताया कि लगभग 20 घरो के उपकरण जले है जबकि ग्रामीणों का कहना है कि लगभग 70 घरो के उपकरण जले है इस बारे में लाईनमेन से पुख्ता जानकारी की बात पूछी गई तो वह बगले झांकने लगा और तो और विद्युत विभाग द्वारा इस मामल में ना ही उक्त ट्रक को अभिरक्षा में खड़ा किया गया ना ही समय पर ग्रामीणों को राहत देने का कार्य किया।

### बेकसूर ग्रामीणों पर पुलिस थाने में ही बिफर पड़े विजय मस्करे

तथाकथित तौर पर एक शख्स की नेतागिरी शामिल हो गई, बतौर ग्रामीण बहेला पुलिस थाने में इस नेता के द्वारा बवाल किया गया और आखिरकार ग्रामीणों की सुनवाई हुई। ग्रामीणों ने मिडिया को जानकारी में बताया कि उक्त ट्रक चिचोली सरपंच विजय पटेल की मां अन्नपूर्णा राईस मिल में जा रहा था, इसी दौरान यह हादसा घटित हुआ, लेकिन जब ग्रामीणों ने इस ट्रक को घेरा तो विजय पटेल ने पहले तो ग्रामीणों को मालिक से भरपाई दिलाने की बात कही लेकिन जब ट्रक मिल पंहुचा तो बाद में ट्रक को वापिस भेज दिया गया और बहेला पुलिस थाने में विजय पटेल के द्वारा ग्रामीणों पर नाराजगी जताई गई, बहरहाल ग्रामीणों ने इस बात की पुष्टि करने वाला विडियों भी बना लिया था।

### इनका कहना है

चिचोली में लापरवाही ट्रक चालक के कारण एक गंभीर हादसा हुआ यह और भी गंभीर होता और अनेक ग्रामीण इसके शिकार होते लेकिन यह ईश्वरीय कृपा रही कि सभी सुरक्षित है लेकिन मेरे संज्ञान में मामला आने के बाद विद्युत विभाग को भी सूचित किया गया लेकिन विभागीय कार्यप्रणाली लचर रही। लोगों के घरों के उपकरण जल गए और अनेक ग्रामीण गंभीर दुर्घटना से बाल-बाल बच गए।

**विभागीय कार्यप्रणाली लचर - मंशाराम सोरकुरे सरपंच ग्राम चिखली**

11 केवी और लो वोल्टेज लाईन की लाईनों के आपस में टकराने के कारण यह हादसा हुआ, जिसमें पूरी तरह से ट्रक चालक की लापरवाही है। नुकसानी क्षेत्र में कुछ कनेक्शन हमारे द्वारा चालू करवा दिए है, कल तक सारे कनेक्शन चालू करवा दिए जाएंगे। लगभग 60 घरों में नुकसान का आंकलन किया गया है, वहीं विद्युत विभाग और ग्रामीणों के हुए नुकसान की भरपाई के लिए हमने बहेला थाने में शिकायत दर्ज कराई है और वाहन मालिक से ही मुआवजा वसूला जाएगा।

**वाहन मालिक से ही मुआवजा वसूला जाएगा - सुरेश कुमार आसटकर जेई कारंजा**

## वन-टू-वन



### वर्षो पुराने मंदिर में कन्हैया जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई

**ब्यरो सोनू कुमार माथुर**

*एटा नगर के माल गोदाम रोड स्थित काली मंदिर काफी वर्षों से शांत स्थिति में पड़ा हुआ था।वहां पर आने जाने वाले भक्त जनों की भीड़ कम ही दिखाई देती थी। आज डॉक्टर यज्ञेश वार्ष्णेय और उनके पति के नेतृत्व में उन्होंने कन्हैया जी की मूर्ति की उस मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा करके पूजा अर्चना की। इस अवसर पर हिन्दू जागरण मंच के बौद्धिक संपदा प्रमुख पंकज उपाध्याय एडवोकेट ने कहा कि मंदिर हिंदुओं की आस्था का प्रतीक होते हैं। अतः भगवान और भक्तों का एक अटूट संबंध होता है। जो भगवान और भक्तों के मिलन का केंद्र बिंदु मंदिर ही ज्यातर माने जाते हैं ।डॉक्टर यज्ञेश वाष्णेय और उनके पति के द्वारा की जा रही कान्हा जी की मूर्ति की स्थापना से निश्चित ही इस क्षेत्र के लोगों को पूजा अर्चना करने का मौका मिलेगा और ये मंदिर बरसों पुराना काली मंदिर है। और इसी में शिव जी का मंदिर है। इसी में भगवान कान्हा जी की मूर्ति की स्थापना डॉक्टर यज्ञेश वाष्णेय और उनके पति द्वारा की गयी है। इस अवसर कार्यक्रम में उपस्थित डॉक्टर यज्ञेश जी ओर उनके पति ,श्रीमती किरण, पंकज उपाध्याय एडवोकेट, सरिता कुमारी एडवोकेट, देवेंद्र कुमार एडवोकेट ,परी और विधि कार्यक्रम में शामिल हुए।*



### ऑटोलिफ्टर गैंग का पर्दाफाश, चोरी की दो मोटरसाईकिल, एक स्टार्टर सबमर्सिबल, अवैध असलहा कारतूस सहित दो गिरफ्तार

**सोनू कुमार माथुर ब्यूरो, पुष्पांजली टुडे**

*एटा घटनाक्रमानुसार रविबार को थाना सकीट पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक सुभाष चन्द्र कठेरिया उप निरीक्षक अनुज कुमार शर्मा आरक्षी कृष्ण कुमार आरक्षी राजेश कुमार आरक्षी चालक रामअवतार सिंह द्वारा मुखबिर की सूचना पर नाजिरपुर तिराहे के पास से चोरी की हुई दो मोटरसाईकिलों एक स्टार्टर सबमर्सिबल,1200 रुपया नकद एवं दो अवैध देशी तमंचा व चार जिंदा कारतूस 315 बोर सहित दो शातिर चोरों शिवरतन उर्फ सत्यभान पुत्र डिप्टी सिंह निवासी दत्तपुर थाना सकीट करु उर्फ इंद्रभान पुत्र डिप्टी सिंह निवासी दत्तपुर थाना सकीट को गिरफ्तार किया गया है। वही उनका एक साथी पपिया उर्फ पप्पी पुत्र बालिस्टर निवासी ग्राम रजपुरा थाना सकीट मौके का फायदा उठाकर फरार होने में कामयाब रहा। वही पुलिस गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।*

## जनपद में धूमधाम से निकली कृष्ण शोभायात्रा

# भक्तों ने अर्धरात्रि के बाद पूजा अर्चन कर मनाया कृष्ण जन्मोत्सव

**ब्यरो सोनू कुमार माथुर, पुष्पांजली टुडे**

एटा । श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में जनपद में धूमधाम से शोभा यात्रा निकाली गई शोभा यात्रा के दौरान निकाली गई झांकियां आकर्षक का प्रमुख केंद्र रहीं। जगह जगह लोगों द्वारा शोभायात्रा में मौजूद भक्तों के लिए प्रसाद वितरण एवं फल वितरण किए गए। वही जन्माष्टमी के पावन पर्व पर शोभायात्रा में महिलाओं एवं बालिकाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

आपको बता दें हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जनपद में योगीराज श्री कृष्ण भगवान यादव मेला कमेटी द्वारा भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान दोपहर करीब 2 बजे से शुरू हुई शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग किया। भजन कीर्तन के साथ निकली झांकी को देखने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा वही झांकी में आकर्षण का केंद्र राधा कृष्ण की झांकी रही भगवान राम सीता तथा हनुमान व अन्य देवी-देवताओं की झांकियां देखकर भक्त मोहित हो उठे। वही शिव शंकर एवं राधा कृष्ण के नृत्य को देखकर भी लोग प्रशंसा करते नहीं थक रहे थे। आपको यह भी बता दें शोभायात्रा श्रृंगार नगर मोनी बाबा की बगीची से शुरू होकर शहर के प्रमुख बाजार जीटी रोड ठंडी सड़क हाथी गेट घंटाघर से होती हुई जीटी रोड स्थित जनेश्वर मिश्र जिला पंचायत में पहुंची। जिसके बाद सभी को प्रसाद वितरण किया गया इस दौरान भक्तगणों ने बैंड बाजों की धुन पर नाच कर अपनी खुशी का इजहार किया। वही जनपद में हर और भगवान कृष्ण समेत तमाम मंदिर सजे हुए थे। भगवान कृष्ण मय माहौल देखकर जनपद में साक्षात कृष्ण नगरी का एहसास हो रहा था। मंदिरों में सजी झांकियां लाइटें भक्तों का मन मोह रही थी लोग इस वर्ष घर से निकल कर भगवान की झांकियां देखकर आनंद उठा रहे थे। वही अर्धरात्रि 12 बजे के बाद लोगों ने घर में पूजा आरती कर भगवान कृष्ण को भोग लगाकर उनके जन्म उत्सव के भक्ति गीत गाकर पूजा अर्चना की। जगह जगह मंदिरों में घंटियां व घड़यालों का उद्घोस सुनाई दे रहा था। वहीं शहर के प्रमुख मंदिर पुरानी बस्ती ने अर्धरात्रि के बाद प्रसाद का वितरण हुआ जहां भक्तगण चरणामृत व प्रसाद लेने के लिए घरों से निकलकर पहुंचे जिसके बाद लोगों ने पूजा अर्चना कर अन्न ग्रहण किया।





### गांव चमकरी में भी निकाली गई भगवान श्री कृष्ण की भव्य शोभायात्रा

भगवान श्री कृष्ण की जन्माष्टमी के अवसर पर शोभायात्रा निकाली जा रही है इसी क्रम में गांव चमकरी में सार्थक कश्यप द्वारा भगवान श्री कृष्ण की भव्य शोभायात्रा निकाली गई आपको बता दें आज भाद्रपद कृष्णपक्ष की अष्टमी तिथि को भगवान श्री कृष्ण के जन्मदिवस रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न स्थानों के साथ-साथ गांव चमकरी में भी भगवान श्रीकृष्ण की भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

# 3 राज्यों का इनामी बदमाश आगरा पुलिस ने किया ढेर

## आगरा पुलिस ने किया सैया कस्बे में मुकेश ठाकुर का खेल खत्म





**संजय सिंह तोमर रिपोर्टर, पुष्पांजली टुडे**

*आगरा । धौलपुर जिले के बदमाश मुकेश ठाकुर का आगरा में हुआ एनकाउंटर , राजस्थान, मध्यप्रदेश, और उत्तर प्रदेश पुलिस को भी थी कुख्यात मुकेश ठाकुर की तलाश, तीनो राज्यो ने की ओर से था मुकेश ठाकुर पर इनाम क्क पुलिस की ओर से 50 हजार, राजस्थान पुलिस की ओर से 25 हजार, का इनाम था घोषित, मुकेश ठाकुर ने क्कको बनाया था अपना नया ठिकाना, कल आगरा सैंया कस्बे के पास किया क्कपुलिस ने गिरफ्तार, जब हथियार बरामदगी के लिए मुकेश को आगरा पुलिस जीप में ले जा रही थी उसी समय मुकेश ने पुलिस पुलिस का हथियार छीनकर भागने का प्रयास किया, कुख्यात बदमाश मुकेश ठाकुर ने क्क पुलिस के जवानों पर फायरिंग कर दी जवाबी फायरिंग में लगी मुकेश को गोली, आगरा स्ह मेडिकल अस्पताल में चिकित्सकों ने किया मृत घोषित।*



### जन्माष्टमी के दिन आदिवासी बच्चे को सागर खरे ने ब्लड डोनेट किया'

**पंकज त्रिपाठी ब्यूरो, दैनिक पुष्पांजली टुडे**

शिवपुरी । जय माई मानव सेवा समिति के सदस्य सागर खरे ने आज जन्माष्टमी के दिन बी पॉजिटिव ब्लड डोनेट किया आदिवासी बच्चा 2 साल का था और उसकी मां 2 दिन से परेशान थी ब्लड बैंक में ब्लड नहीं होने के कारण जैसे ही समिति के अमित गोयल अध्यक्ष के पास कॉल आया की एक आदिवासी बच्चा है अवि आदिवासी नाम है उसको बी पॉजिटिव ब्लड की जरूरत है जैसे ही सागर खरे को पता पड़ा तो सागर खरे सीधे ब्लड बैंक में ब्लड डोनेट कर आये अवि आदिवासी 2 साल के बच्चे के लिए ब्लड डोनेट किया सागर खरे ने बताया कि आज मेरा ब्लड जन्माष्टमी के दिन किसी बच्चे को काम आ रहा है,और मैं बहुत खुश हूं जो मैंने आज जन्माष्टमी पर किसी बच्चे को ब्लड दिया है, सागर खरे को जय माई मानव सेवा समिति की तरफ से बहुत-बहुत धन्यवाद आभार व्यक्त करती है (रक्तदान महादान यह देता है दूसरों को नया जीवनदान)

## नैनो न्यूज

### किलागेट थाने के पास दूध डेयरी के सुबह ताले टूटे गश्ती दल ने चोरों का पीछा किया, लेकिन भाग गए

**ग्वालियर।** उपनगर ग्वालियर के किला गेट स्थित थाने के पास ही दूध डेयरी के चोरों ने ताले तोड़ दिए। चोर डेयरी से 28 हजार नगर एवं घी सहित दुग्ध उत्पादन चोरी कर ले गए। चोरों को भागते हुए थाने की पुलिस पार्टी ने देखा और पीछा किया लेकिन चोर हाथ नहीं आए। ग्वालियर के किला गेट खाने के नीचे ही स्थित सुरेंद्र पाल की दूध डेयरी के अज्ञात चोरों ने ताले चटका दिए। चोर डेयरी के अंदर गल्ले का ताला तोड़कर 28 हजार रुपए नगद एवं लगभग 70 हजार का घी एवं दूध प्रोडक्ट चोरी कर ले गए। सुबह लगभग 3 बजे थाने के गश्ती दल को डेयरी के पास से जाते हुए तीन युवक दिखे, पुलिस पार्टी ने इन युवकों का पीछा किया लेकिन वह पतली गलियों में भाग गए।

### युवती से दुष्कर्म

**ग्वालियर।** देहात की आंतरी थाना क्षेत्र में स्थित प्रेम नगर में रहने वाली एक युवती के साथ एक युवक ने दुष्कर्म कर डाला। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार आंतरी थाना क्षेत्र के प्रेम नगर में रहने वाली 19साल की एक युवती बीते रोज अपने घर में मवेशियों को चारा डालने गई थी। तभी उसके घर में राहुल कुशवाह और राजू कुशवाहा कुशवाहा घर में घुस आए। राजू कुशवाहा बाहर खड़ा रहा और राहुल कुशवाहा ने युवती के साथ दुष्कर्म किया और भाग गया। बाद में युवती थाने पहुंची और युवक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी राहुल कुशवाहा को गिरफ्तार कर लिया है और उसके साथी की तलाश की जा रही है।

### युवक ने जहर खाया

**ग्वालियर।** शहर के बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के स्थित आनंद नगर में रहने वाले एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है जानकारी के अनुसार बहोड़ापुर थाना क्षेत्र के आनंद नगर में रहने वाला धर्मेंद्र सरदार 28 साल प्राइवेट नौकरी करता था। बीती शाम वह बाजार से घर आया कुछ देर बाद हुआ है उल्टियां करने लगा। लोगों ने पूछा तो उसने बताया कि वह जहर खाकर आया है। लोग बाग उसे लेकर अस्पताल पहुंचे जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई ।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर आ गई और मृतक के शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंप मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### निश्शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर 2 को

**ग्वालियर।** जिले के पिछोर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर 2 सितंबर गुरुवार नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन चयनित शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर का आयोजन सुबह 9 बजे से किया जाएगा। रतन ज्योति चैरिटेबल फाउंडेस्सन ट्रस्ट के सहयोग से आयोजित इस नेत्र परीक्षण शिविर में रतन ज्योति अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा आंखों का परीक्षण कर इलाज के लिए परामर्श एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया जाएगा।

### कुशवाह समाज का सम्मान समारोह 12 सितंबर को

**ग्वालियर।** डबरा में कुशवाह समाज चौघार क्षेत्र द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। सम्मान समारोह 12 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर रविवार को कुशवाह छात्रावास में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सम्मान समारोह के आयोजन को लेकर चर्चा की गई। जिसमें वरिष्ठ समाजसेवी छदामीलाल कुशवाह द्वारा अपने माता-पिता की स्मृति में कक्षा 10 और 12 के एक एक मेधावी छात्र एवं छात्रा को नगद राशि देकर सम्मानित किया जाएगा।

# लड़का थानेदार बनेगा 15 लाख की मांग कर सगाई तोड़ी




**ग्वालियर।** ग्वालियर में दहेज के लिए सगाई तोड़ने पर पुलिस ने सोमवार को बाप-बेटे के खिलाफ केस दर्ज किया है। लड़का क्क पुलिस में कॉन्स्टेबल है। उसका बाप के बाद 15 लाख रुपए और बोलेरो की मांग कर रहा था। लड़की के पिता ने यह दे पाने में असमर्थता जताई तो लड़के के बाप ने रिश्ता तोड़ा दिया।

हजीरा के गंगा विहार निवासी लड़की के पिता प्राइवेट जॉब करते हैं। उन्होंने जनवरी 2021 में अपनी बेटी की शादी फतेहपुर सीकरी के रहने वाले बहादुर सिंह सिसौदिया के बेटे सुनील से साथ तय की थी। सुनील उत्तर प्रदेश पुलिस में कॉन्स्टेबल है। 15 मार्च 2021 को अचलेश्वर महादेव मंदिर धौलपुर में गोद भराई का कार्यक्रम हुआ। इसमें सुनील को 1.21 लाख रुपए नकद के साथ ही सोने की चेन, अंगूठी सहित अन्य सामान दिया था। 21 नवंबर को शादी होना तय हुआ था। उन्होंने मैरिज गार्डन, हलवाई तथा अन्य जरूरी चीजों की बुकिंग कर दी थी। शादी के कार्ड भी छपवाने के लिए दे दिए थे।

**लड़के के बाप ने की दहेज की मांग:** लड़की के पिता ने शिकायत में बताया कि पूरे घर में शादी की खुशियां थीं। दो दिन पहले बहादुर सिंह आए और कहा कि उनका बेटा पुलिस में जवान के पद पर तैनात है। आगे चलकर थानेदार बनेगा। उससे शादी करने के लिए कई रिश्ते आए हैं। वह उनके बेटे को दहेज में काफी रुपए और सामान देने को तैयार थे, लेकिन हमने आपके यहां रिश्ता किया है। अब विवाह से पहले 15 लाख रुपए और एक बोलेरो कार दहेज में दे दें। यह डिमांड सुनते ही लड़की का पिता घबरा गया। उसने समझाने का प्रयास किया। पहले ही सारी बात तय कर वह इस रिश्ते के लिए आगे बढ़े थे। लड़के का बाप अपनी बात पर अड़ा रहा। बहादुर सिंह बाद वह सगाई तोड़कर चले गए। रिश्ता टूटने से परेशान लड़की के पिता ने तत्काल मामले की सूचना हजीरा थाना में दी। हजीरा थाना पुलिस ने सुनील, उसके पिता बहादुर सिंह, अन्य परिजन दिनेश, पिंकी, नागेन्द्र, मीना सिसोदिया के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कर लिया है।

**बाप-बेटे समेत परिजनों पर केस दर्ज:** हजीरा T। आलोक सिंह परिहार ने बताया कि शादी से पहले होने वाले ससुर ने दहेज में 15 लाख रुपए और बोलेरो की मांग की। मांग पूरी ना करने पर रिश्ता तोड़ दिया है। शादी तय करते समय लड़के को उत्तर प्रदेश पुलिस में कॉन्स्टेबल बताया है। मामला दर्ज करने के बाद पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।

### दुकान के ताले चटके घर से नगदी गहने चोरी

**ग्वालियर।** शातिर चोर शहर के माधव गंज थाना क्षेत्र में स्थित लड्डू वाली गली में एक कपड़े की दुकान के ताले चटका कर कीमती सामान चोरी कर ले गए वह देहात के तिघरा थाना क्षेत्र के झंडा पुरा में छत के सहारे एक मकान में घुसे चोर घर से नगदी और गहने सहित लाखों का माल चोरी कर ले गए ।पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी है ।जानकारी के अनुसार माधव गंज थाना क्षेत्र के लड्डू वाली गली में गोल पहाड़िया निवासी विशाल की कपड़े की दुकान है बीती रात चोरों ने उनकी दुकान के ताले चटका दिए सुबह वह दुकान पहुंचे तब पता चला कि दुकान में चोरी हो गई है। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। वहीं तिघरा थाना क्षेत्र के झंडा पुरा निवासी अजय सिंह कुशवाह के मकान में बीती रात छत के रास्ते चोर घुस आए और घर से 40,000 की नगदी तथा सोने चांदी के गहने सहित लाखों का माल चोरी कर ले गए ।संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### बच्चे का अपहरण करने वाला पकड़ा, नशे के लिए रुपए न देने पर उठाया था दोस्त का बेटा

**ग्वालियर।** क्राइम ब्रांच थाने की कमान दामोदर को, ट्रैफिक में आए तीन निरीक्षक पुलिस अधीक्षक अमित सांघी ने रविवार को निरीक्षक व कार्यवाहक निरीक्षकों की तबादला सूची जारी की है। सूची में दो निरीक्षक व 5 कार्यवाहक निरीक्षक शामिल हैं। निरीक्षक दामोदर गुप्ता को क्राइम ब्रांच थाने का प्रभारी बनाया गया है, कार्यवाहक निरीक्षक देवेंद्र मिश्रा को भी क्राइम ब्रांच में पदस्थ किया गया है। क्राइम ब्रांच की साइबर सेल में पहले से ही एक कार्यवाहक निरीक्षक पदस्थ है। क्राइम ब्रांच में अब पहली बार तीन निरीक्षक हो गए हैं जबकि थाने में निरीक्षकों की स्वीकृत संख्या 8 है और अब भी 5 पद खाली हैं। महेश शर्मा को पुलिस नियंत्रण कक्ष में पदस्थ किया गया है। तीन निरीक्षकों को लाइन से ट्रैफिक थाने में पदस्थ

## प्रधानमंत्री के मन की बात जेल में बंद कैदियों के साथ सुनी जनप्रतिनिधियों ने



**ग्वालियर।** प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी की रेडियो के माध्यम से प्रसारित मन की बात ग्वालियर सेंट्रल जेल में लगभग 3 हजार बंदियो के साथ जनप्रतिनिधियों ने भी सुनी। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, सांसद विवेक नारायण शेजवलकर, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल माखीजानी, पूर्व विधायक मदन कुशवाह, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष वेदप्रकाश शर्मा, पूर्व सभापति नगर निगम राकेश माहोर, कार्यक्रम के संयोजक धारा सिंह सेंगर, जेल अधीक्षक मनोज साहू सहित बंदियो ने मन की बात सुनी।

इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि हमें अपने जीवन मे अच्छाइयों को अपनाना चाहिए कितना भी कठिन समय आये हमें कभी भी गलत रास्ते पर नहीं चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वयं की शक्तियों को पहचान कर अपना जीवन दूसरों की सेवा मे लगा दो, सेवा से बडा कोई कार्य नही होता है। आज मन की बात में प्रधानमंत्री मोदी ने भी यही कहा कि जिस प्रकार देश के खिलाडियों ने ओलंपिक में पदक जीते वह भी उनकी मेहनत और खेल के प्रति समर्पण से ही जीते हैं। अभी भी समय नही बीता है आप भी अपना समय अच्छे कार्यों में लगाकर परिवार व समाज मे एक मिसाल बन सकते हो। सांसद विवेक नारायण शेजलवकर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात को महीने के अंत के रविवार को रेडियो के माध्यम से आमजन सुनते हैं। प्रधामंत्री के मन की बात हमेशा सुनना चाहिए तथा उन बातों को जीवन में अनुसरण भी करें। उन्होने युवाओं को नये कोशल सीखने व खेलों के प्रति युवाओं की ललक की सराहना की। साथ ही कहा की जेल में बंद कैदी नकारात्मकता को त्याग कर सकारात्मकता की ओर बडें जिससे अच्छे समाज का निर्माण होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज रेडियो के द्वारा मन की बात के द्वारा सबसे पहले ओलिंपिक में मेडल जीत कर आये खिलाड़ियों और हॉकी में मिले पदक की चर्चा की। इस दौरान पीएम ने मेजर ध्यान चंद को याद किया और कहा कि ध्यानचंद के जन्म जयंती पर देश उनकी स्मृति में इसे राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाता है।

## डबरा में गायों की मौत पर हंगामा: रात में डबरा शहर से गुजरता है हैवी ट्रैफिक, 7 गायों को ट्रक ने कुचला

### आक्रोशित लोगों ने लगाया जाम



**ग्वालियर।** ग्वालियर के डबरा में ट्रक से कुचलकर 5 गायों की मौत के बाद स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश है। गुस्से में लोगों ने शहर के सिंधिया चौराहा पर गायों के शव रखकर चक्काजाम कर दिया। लोगों का आरोप था, हाइवे का हैवी ट्रैफिक जब शहर से गुजरेगा तो यह हालात तो बनेंगे। इसके साथ ही शहर की सड़कों पर लोगों से ज्यादा मवेशी बैठे रहने से भी आए दिन हादसे हो रहे हैं। बीते 7 दिन में 2 लोगों की मौत, 5 घायल हुए हैं। आक्रोशित लोगों के चक्काजाम के चलते डबरा में चारों रास्तों पर वाहनों की कतारें लग गईं। हंगामा बढ़ा तो पुलिस अफसरों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला है। करीब 2 घंटे के प्रदर्शन के बाद लोग पुलिस, नगर पालिका और प्रशासन के अफसरों के आश्वासन पर माने हैं।

**यह हुई है घटना:** रविवार-सोमवार दरमियानी रात डबरा शहर सिंधिया चौराहा के पास झांसी की ओर से आया एक ट्रक ने तेज रफ्तार में शहर से गुजरते समय सड़क किनारे खड़ी कुछ गायों को ताबड़तोड़ टक्कर मार दी। हादसे में 5 गाय की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 2 घायल हो गईं। घटना का पता सोमवार सुबह लोगों को चला तो आक्रोश भड़क गया। स्थानीय लोगों ने हाइवे के हैवी वाहनों के शहर से निकलने पर पहले भी कई बार आपत्ति जताई है। इसके बाद स्थानीय लोगों ने सिंधिया चौराहा पर गायों के शव को एक ट्रैक्टर-ट्रॉली में रखकर चक्काजाम लगा दिया। इतना ही नहीं सिंधिया चौराहा पर सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक हंगामा चलता रहा।

**क्यों हो रहे हैं हादसे:** दिन में तो भारी वाहन हाइवे पर डबरा बायपास से निकलते हैं, लेकिन रात होते ही यह हैवी ट्रैफिक शहर से गुजरने लगता है। शहर की दूसरी सबसे बड़ी समस्या सड़कों पर विचरण करते आवारा गाय, सांड हैं। यह रात को सड़कों और हाइवे के किनारे बैठे रहते हैं।

### 5 दिन से थे लापता, नदी में मिले शव: आवारा मवेशियों को छोड़ने गए थे फिर कभी लौटकर ही नहीं आए



**ग्वालियर।** ग्वालियर शहर से करीब 50 किलोमीटर दूर भानगढ़ की पुलिया के पास नोन नदी में दो युवकों के शव मिले हैं। यह युवक पिछले पांच दिन से लापता थे। पांच दिन पहले यह घर से आवारा गायों को छोड़ने के लिए लोडिंग लेकर निकले थे। इसके बाद से इनका कुछ पता नहीं था, जबकि लोडिंग का चालक गाड़ी लेकर उसी दिन लौट आया था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और मृतकों के परिजन स्पॉट पर पहुंच गए। मृतक के परिजन ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों शवों को निगरानी में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सोमवार को दोनों पोस्टमार्टम कराया जाएगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। करियावटी निवासी हरीश सेन (40) और बेरूखा निवासी बनवारी के शव रविवार रात नोन नदी में मिले हैं। हरीश मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा था, जबकि बनवारी करियावटी गांव के डॉ. नरेश दुबे के यहां नौकरी करता था। गांववालों ने बताया कि दोनों करीब 5 दिन पहले आवारा मवेशियों को लोडिंग में लेकर छोड़ने के लिए गए थे। उन्होंने देवरा गांव के पास गाड़ी रूकवाई और गायों को छोड़ दिया। लोडिंग का चालक तो उसी दिन लौटकर आ गया, लेकिन वह दोनों नहीं लौटे थे। रविवार को उन दोनों के शव भानगढ़ की पुलिया के पास नोन नदी में उतराते मिले हैं। बताया जाता है कि उनके शरीर पर चोट के भी निशान है। फिलहाल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। पीएम होने के बाद ही स्पष्ट होगा कि उनकी मौत हादसा है या हत्या है। पुलिस ने फिलहाल मर्ग कायम कर लिया है। पड़ताल की जा रही है।



## करोडों के जेवरातों से हुआ श्री राधाकृष्ण का श्रृंगार



**ग्वालियर।** ग्वालियर के ऐतिहासिक गोपाल मंदिर फूलबाग में आज भगवान राधाकृष्ण को करोडों के जेवरात पहनाये गये। यह जेवरात सिंधिया राजवंश के समय के हैं। इसमें हीरे पन्ने लगे मुकुट भी हैं।

नगर निगम ग्वालियर द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्ठमी महोत्सव फूलबाग स्थित गोपाल मंदिर पर 30 अगस्त 2021 को कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन करते हुए हर्षोल्लास से मनाया गया। जन्माष्ठमी के अवसर पर भगवान श्रीराधाकृष्ण को बेशकीमती गहनों से सजाया जाएगा तथा पूजा अर्चना के उपरांत दोपहर 12 बजे बाद नगर निगम ग्वालियर के फेसबुक पेज पर ऑनलाइन अपने घर से ही एवं मंदिर के बाहर एलईडी के माध्यम से आमजन भगवान श्री राधा कृष्ण के मनोहारी रूप के दर्शन कर सकेंगे। कोविड-19 की गाइड लाइन के चलते मंदिर के अंदर भक्तों को प्रवेश नहीं दिया गया। इस मौके पर संभागायुक्त आशीष सक्सैना , नगर गिनम आयुक्त अशीष तिवारी भी उपस्थित थे। मंदिर में गहनों की सुरक्षा के लिये भारी संख्या में पुलिस कर्मी व मैटल डिटेक्टर भी लगाये गये हैं। निगमायुक्त आशीष तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत कई वर्षो से जन्माष्टमी महोत्सव में फूलबाग स्थित गोपाल मंदिर स्थित कृष्ण एवं राधा को उनके प्राचीन आभूषणों से सुसज्जित किया जाता रहा है। जन्माष्टमी के अवसर पर गठित समिति एवं पुलिस बल के साथ बैंक लॉकर से भगवान के आभूषण तथा श्रृंगार सामग्री एवं पात्र निकालकर लाये जायेंगे तथा इनकी सफाई इत्यादि कर संभाग आयुक्त एवं प्रशासक आशीष सक्सेना की उपस्थिति में भगवान का श्रृंगार किया गया। उन्होंने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से सम्पूर्ण मंदिर में पुलिस बल तथा क्लॉज सर्किट कैमरे लगाकर पल-पल की वीडियोग्राफी की गई।

## दो बहनों पर जानलेवा हमला: एसडीएम कोर्ट में पेशी कर घर लौट रही थीं, छोटी बहन के पति, ससुर ने किया हमला

**ग्वालियर।** ग्वालियर में स्छरू कोर्ट में पेशी कर घर लौट रहीं दो बहनों पर छोटी बहन के पति, ससुर ने अपने अन्य साथियों के सथ हमला बोल दिया। हमलावर लाठी-डंडे और सरिए लिए थे। दोनों बहनों को बेरहमी से पीटा। सबसे ज्यादा बड़ी बहन को पीटा, क्योंकि वही छोटी बहन की मदद कर रही थी। बड़ी बहन के सिर में सरिए से इतनी बार हमला किया कि 12 से ज्यादा टांके लगे हैं। घटना सिरोल के हुरावली पर दो दिन पहले की है। सोमवार सुबह महिला का अस्पताल में इलाज के लिए तड़पते और खून से सने होकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए का वीडियो सामने आया है। महिला ने यह भी आरोप लगाया है कि जब हमलावर उन्हें सड़क पर पीट रहे थे, वहां भीड़ खड़ी तमाशा देख रही थी। महिला ने सिरोल पुलिस पर साधारण धाराओं में मामला दर्ज करने का आरोप लगाकर एसपी से शिकायत की है, जबकि पुलिस का कहना है कि महिला ने भी मारपीट की थी। दोनों तरफ से क्रॉस मामला दर्ज है।

ग्वालियर में सोमवार सुबह सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है। इसमें एक महिला अस्पताल में खून से सनी हुई कुछ लोगों पर हमला करने की बात कह रही है। वीडियो करीब 24 सेकेंड का है, लेकिन उसमें महिला की स्थिति बहुत खराब दिख रही है। चेहरे से लगातार खून टपक रहा है। जब वीडियो के बारे में पता किया तो जानकारी मिली कि वीडियो में घायल महिला जड़ेरूआ पिंटो पार्क रोड निवासी बबली पत्नी ज्ञानिसंह दोहरे है। शनिवार शाम बबली और उसकी छोटी बहन प्रीति पर प्रीति के ससुराल पक्ष के लोगों ने हमला किया था। हमला उस समय हुआ था जब वह स्छरू कोर्ट में पेशी कर लौट रही थीं।





### यह है पूरी घटना

बबली दौहरे की छोटी बहन प्रीति की ससुराल सिरोल में पवन सुत कॉलोनी में है। प्रीति ने अपने ससुर और पति पर केस किया है। जिसकी सुनवाई स्छरू कोर्ट में चल रही है। शनिवार को वहां पेशी थी। बबली और प्रीति कोर्ट में पहुंची थी। यहां तारीख करने के बाद वह वापस लौट रहीं थीं। बबली ने सोचा पहले प्रीति को उसके ससुराल छोड़ने के बाद वह अपने घर चली जाएगी। पर जैसे ही सिरोल में पवनसुत कॉलोनी रोड पर पहुंचे वहां प्रीति का पति अनिल, ससुर पातीराम व अन्य परिजन रवि, भगवती, मुन्नी व आशा ने दोनों बहनों को घेर लिया। उस पर सरियों से हमला कर दिया। प्रीति को तो कम मारा, लेकिन बबली पर सरियों से तब तक हमला किया जब तक की वह बेहोश नहीं हो गई। वहां काफी लोग जमा थे, लेकिन कोई बचाने नहीं आया। इसके बाद घायल को स्थानीय लोगों ने अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलते ही सिरोल थाना पुलिस अस्पताल पहुंची। रात 11 बजे पातीराम, रवि, अनिल, भगवती, मुन्नी पर मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज किया है। बबली ने रविवार को एसपी ऑफिस पहुंचकर सिरोल थाना पुलिस पर सही कार्रवाई नहीं करने और उसे घायल होने के बाद भी रात तक बैठाए रखने के आरोप लगाए हैं।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478